उज्जैन
बुधवार
18
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-107
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मुंबई मेट्रो पिलर हादसे पर भड़के सेलेब्स उस इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करते हैं, जो जान लेता है : दीया मिर्जा वरुण ग्रोवर बोले- ये सबसे भ्रष्ट शहर

पेज- 8

## अजित पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार के हाथों में एनसीपी की कमान



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को सर्वसम्मति से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। यह फैसला मुंबई में पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक में लिया गया। वे औपचारिक रूप से 26 फरवरी को पदभार ग्रहण करेंगी। तीन सप्ताह पहले विमान दुर्घटना में अजित पवार के निधन के बाद से ही पार्टी नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज थीं। अजित पवार न केवल महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री थे, बल्कि एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। ऐसे में सुनेत्रा पवार का पार्टी प्रमुख बनना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

## वैलेंटाइन डिनर के कुछ घंटों बाद पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या की

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के बहादुरगढ़ से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां वैलेंटाइन डे मनाने के कुछ ही घंटों बाद एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसे लूट की वारदात का रूप देने की कोशिश की। झज्जर पुलिस ने महज 18 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 15 फरवरी की रात करीब 11 बजे गुरुग्राम में कार्यरत चार्टर्ड अकाउंटेंट अंशुल धवन ने पुलिस को फोन कर सूचना दी कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला किया और लूट के प्रयास में उसकी पत्नी माहक का गला रेत दिया। उसने दावा किया कि वारदात अचानक हुई और हमलावर मौके से फरार हो गए।

## ममता बनर्जी का आरोप बंगाल में 58 लाख वोटर हटाए गए



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि आयोग एक तुगलकी आयोग की तरह काम कर रहा है और उस पर एक राजनीतिक दल का प्रभाव है। कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने दावा किया कि राज्य में 58 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से की गई और इसमें कथित तौर पर भाजपा से जुड़े आईटी सेल की महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका रही।

## अजित पवार विमान क्रैश, एएआईबी का दावा- ब्लैक बॉक्स खाक हुआ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत के मामले में एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने कहा है कि क्रैश विमान के दोनों फ्लाइट रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) आग में खाक हो गए थे। एजेंसी के मुताबिक एक रिकॉर्डर का डेटा डाउनलोड हो चुका है। ब्लैक बॉक्स बनाने वाले देश अमेरिका से सहायता मांगी है। ब्लैक बॉक्स जलने के दावे पर एनसीपी (शरद) के विधायक और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने कहा कि ब्लैक बॉक्स भीषण आग और धमाकों से सुरक्षित रह सकता है, लेकिन महाराष्ट्र की राजनीति से नहीं। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था। इस हादसे में उपमुख्यमंत्री सहित 5 लोगों की मौत हुई थी।

### जम्मू कश्मीर में 835 फर्जी खातों का खुलासा

# 209 करोड़ के साइबर घोटाला में हरियाणा का डॉक्टर गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में 209 करोड़ रुपये के बड़े साइबर घोटाले का खुलासा करते हुए पुलिस ने हरियाणा के एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है, जिसे जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क का प्रमुख संचालक मान रही हैं। डॉ मॉर्फिन के नाम से चर्चित इस आरोपी के साथ कश्मीर के विभिन्न जिलों से आठ अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। गंदरबल पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल ने इस मामले में देशभर से करोड़ों रुपये की ठगी का पर्दाफाश किया है।

पुलिस के अनुसार, गंदरबल जिले में पहचान की चोरी और ऑनलाइन ठगी की शिकायत मिलने के बाद विशेष जांच दल ने



मामले की तहकीकात शुरू की थी। शुरुआती जांच में ही यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई सामान्य साइबर फ्रॉड नहीं बल्कि एक संगठित और बहु-राज्यीय नेटवर्क है, जो डिजिटल निवेश के नाम पर लोगों को जाल में फंसा रहा था।

- जांच के दौरान 835 बैंक खातों की पहचान की गई, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम को इधर-उधर करने के लिए किया गया। इनमें से 290 खातों में अब तक 209 करोड़ रुपये के लेन-देन की पुष्टि हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गंदरबल खालिल पोसवाल ने बताया कि पूरी जांच और सत्यापन के बाद यह रकम 400 करोड़ रुपये से अधिक भी हो सकती है।
- पुलिस जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और गूगल के जरिए पैसावाल्ट डॉट कॉम जैसे फर्जी निवेश पोर्टल चलाए जा रहे थे। इन वेबसाइटों के माध्यम से लोगों को क्रिप्टो कॉइन ट्रेडिंग और ऑनलाइन निवेश में भारी मुनाफे का लालच दिया जाता था। शुरूआत में निवेशकों को छोटे-छोटे रिटर्न दिखाकर विश्वास में लिया जाता, लेकिन जैसे ही बड़ी रकम निवेश की जाती, उसे विभिन्न स्थानीय बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता।

## मप्र-राजस्थान समेत 9 राज्यों में बारिश का अलर्ट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत पर अगले 36 घंटों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर होगा। इसके कारण मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब समेत 9 राज्यों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में 2 साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से मौसम में बदलाव आया है। इस वजह से मिनिमम टेम्परेचर में बढ़ोतरी आई है। राज्य के 22 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। राजस्थान के 5 जिलों में भी मंगलवार को बारिश हुई। आज सुबह से जयपुर में बारिश-ओलावृष्टि जारी है। 13 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

## मौजूदा कर्ज से कम रहेगा मोहन सरकार का बजट

### 50 हजार नौकरियां, नई फूड प्रोसेसिंग यूनिट की उम्मीद, सीएम बोले- 3 साल का खाका बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार बुधवार को अपना तीसरा बजट पेश करेगी। बजट 2026-27 राज्य सरकार पर मौजूदा कर्ज से कम राशि का होगा। ये कर्ज 4 लाख 94 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जबकि राज्य सरकार का बजट करीब पौने पांच लाख करोड़ रहेगा।

एमपी के युवाओं को सरकार से रोजगार, किसानों को सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को योजना की राशि बढ़ने की उम्मीद है। वहीं 2028 में होने वाले सिंहस्थ के ज्यादातर बड़े काम 2026-27 वित्तीय वर्ष में ही पूरे होने हैं। ऐसे में मोहन सरकार विशेष प्रावधान कर सकती है। इसकी एक वजह यह भी दिख रही है कि केंद्र सरकार ने 1 फरवरी को आम बजट में सिंहस्थ के लिए एमपी को कुछ नहीं दिया है।

बजट पेश करने के पहले सीएम डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट के मंत्रियों के सामने उस पर चर्चा होगी। उन्होंने मंगलवार को मंत्रालय में अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी समेत वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बजट 2026-27 को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- मप्र देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जो अनूठा नवाचार करने जा रहा है। हमारे इस बजट में अगले 3 साल का खाका होगा, जिसमें इस वर्ष के विस्तृत बजट के साथ अगले 2 साल की विकास योजनाओं की आउटलाइन भी शामिल रहेगी।

## धार भोजशाला केस की सुनवाई आज जबलपुर में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

धार की ऐतिहासिक भोजशाला से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण की अहम सुनवाई 18 फरवरी 2026 को जबलपुर उच्च न्यायालय में होगी। पहले यह 16 फरवरी को इंदौर खंडपीठ में प्रस्तावित थी, लेकिन अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते इसे स्थगित कर 18 फरवरी तक बढ़ा दिया गया था।

इस मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा तैयार की गई 98 दिनों की वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट को खोला जाना है। यह रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक की जाएगी और दोनों पक्षों को उपलब्ध कराई जाएगी। अब ये फैसला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने बताया कि जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा 22 जनवरी 2026 को दिए गए आदेश के परिपालन तथा उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा 16 फरवरी 2026 को दिए गए निर्देशों के अनुसार, भोजशाला धार से जुड़े हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस द्वारा दायर रजिस्टर्ड वाद क्रमांक डब्ल्यूपी 10497/2022 की आगामी सुनवाई 18 फरवरी 2026 को जबलपुर उच्च न्यायालय में होगी।

### मोहन भागवत ने कहा

## भारतीय मुसलमान भी हिंदू

### घर वापसी करानी है, लखनऊ में कहा- हिंदू 3 बच्चे पैदा करें, यूजीसी नियम किसी के खिलाफ नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को लखनऊ में कहा- भारत में रहने वाले मुस्लिम भी हिंदू हैं, वे कोई अरब से नहीं आए है। घर वापसी का काम तेज होना चाहिए। जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा। संघ प्रमुख ने बढ़ती घुसपैठ पर कहा, घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है।

हिंदुओं की घटती जनसंख्या दर पर कहा, हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। अभी जनसंख्या दर 2.1 है। यह कम से कम 3 होनी चाहिए। जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह समाज भविष्य में समाप्त हो जाता है। अब जो भी बच्चे शादी कर रहे हैं, उन्हें बताइए कि कम से कम तीन बच्चे पैदा करें।

डॉ. भागवत ने कहा कि विवाह का



उद्देश्य सृष्टि आगे चले, यह होना चाहिए, वासना पूर्ति नहीं। इसी भावना से कर्तव्य बोध आता है।

यूजीसी गाइडलाइंस किसी के खिलाफ नहीं है। इसे सभी को मानना चाहिए। उन्होंने कहा- यदि कानून गलत है तो बदलने का उपाय भी है। जातियां झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो इस तरह की समस्या नहीं होगी। सभी अपने हैं, यह भाव मन में होना चाहिए। एक को दबाकर दूसरे को खड़ा करने का भाव नहीं होना चाहिए।

## आज भारत का आखिरी ग्रुप मैच नीदरलैंड से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

टी-20 वर्ल्ड कप में आज भारत का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच नीदरलैंड के खिलाफ होगा। मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसका टॉस शाम 6.30 बजे से होना है।

टीम इंडिया ने पहले ही सुपर-8 स्टेज में एंट्री कर ली है। हालांकि, टी-20 के नंबर-1 बैटर अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट में अब तक खाता भी नहीं खोल सके। वे पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ जीरो पर आउट हुए। दूसरी ओर, नीदरलैंड को अगले राउंड की उम्मीदों के लिए जीत चाहिए। टीम आज हारी तो ग्रुप स्टेज में ही बाहर भी हो जाएगी। दोनों ने अब तक एक ही टी-20 खेला भारत और नीदरलैंड की टीमें टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी बार ही आमने-सामने होने जा रही हैं। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप में दोनों टीमें सिडनी में भिड़ी थीं। तब पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 179 रन बनाए थे, नीदरलैंड 123 रन ही बना पाया था। इस वर्ल्ड कप में भारत ने अमेरिका, नामीबिया और पाकिस्तान को हराया है।




## खबर एक नजर...

### करंट लगने से हुई मौत के मामले में दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** भाटपचलाना थना क्षेत्र के ग्राम माधौपुरा में करंट लगने से सदिर पिता अब्बास 45 साल की 11 फरवरी को मौत हो गई थी और अरब अली झुलस गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 6 दिनों की जांच के बाद सामने आया कि माधौपुरा में रहने वाले दाऊद पटेल ने घर की लाईट चालू करने के लिये अनाधिकृत तरीके से शेरू पटेल के खेत में लगे बिजली के खंबे से तार डाले थे और अरब अली के साथ सदिर पटेल के खेतों के पास बने सेड़े से अपने घर तक ले गया था। तार कटे होने पर दोनों को करंट लगा था। पुलिस ने दाऊद पटेल के खिलाफ लापरवाही से क्षतिग्रस्त तार सेड़े पर बिछाने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

### हरिफाटक ब्रिज पर इंदौर की युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज पर मंगलवार शाम इंदौर की युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। ब्रिज पर यातायात पुलिस चौकी के जवानों ने उसे बेसुध हालत में देखा तो आटो चालक की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने युवती के मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार के माध्यम से कराये है। चरक अस्पताल में शाम को आटो चालक जावेद इंदौर के तृप्ती पैलेस की रहने वाली कोमल पिता दिलीप 22 साल को बेसुध हालत में लेकर पहुंचा था। कोमल ने जहरीला पदार्थ खाया था। आटो चालक ने बताया कि यातायात पुलिस जवानों को बेसुध हालत में हरिफाटक ब्रिज पर मिली है। ड्युटी कंपाउंडर ने मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक मुनेन्द्र भदौरिया युवती के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर मजिस्ट्रेट बयान तहसीलदार स्तर पर कराये गये। प्रधान आरक्षक के अनुसार युवती से पूछताछ करने पर उसका कहना था कि वह सहेली से मिलने उज्जैन आई थी। काफी कॉल करने के बाद सहेली ने कॉल रिसिव नहीं किया तो डिप्रेशन में आ गई थी। वह अपने साथ जहरीला पदार्थ लेकर आई थी, जिसे खाया है। युवती के बयान दर्ज कर पुलिस द्वारा उसकी बहन कविता से संपर्क कर जानकारी दी गई है। रात में परिजन उज्जैन पहुंच गये थे। परिजनों से पूछताछ के बाद ही कोमल के जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

### ग्राम रूपेटा में 2 बाइक की भिड़ंत, 3 की मौत




**उज्जैन।** नागदा-महिदपुर मार्ग पर सोमवार रात 2 बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर सवार 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक ने अस्पताल में दम तोडा। तीनों का मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। नागदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम रूपेटा के पास 2 बाइक में सीधी भिड़त हो गई थी। दुर्घटना के बाद दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गये थे। वहीं तीन लोग गंभीर घायल हुए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि 2 की मौत हो चुकी है। एक की सांसे चली रही है। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। तीनों की पहचान करने पर सामने आया कि मृतकों में 2 देपालपुर के रहने वाले जैनुल आबेदीन और अनवर है। वहीं दूसरी बाइक पर राहुल गुर्जर सवार था। जैनुल इंजीनियरिंग के साथ सोफे बनाने का काम करता था। अनवर उसका कर्मचारी था। दोनों महिदपुररोड जा रहे थे। वहीं राहुल गुर्जर मूलरूप से हरियाणा का रहने वाला है और नागदा पोस्ट आफिस में कर्मचारी था। पुलिस ने मंगलवार सुबह मृतकों के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया।

# मौसम परिवर्तन कर रहा परेशान

## ठंड फिर तेज धूप और अगले दिन बादल से तापमान स्थिर नही, काफी लोगों को अपच, सिरदर्द व चक्कर आने की शिकायत चल रही







**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव शहरवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन रहा है। ठंड फिर तेज धूप और अगले दिन बादल से तापमान स्थिर नही रह पा रहा है जिससे काफी लोगों को अपच, सिरदर्द व चक्कर आने की शिकायत चल रही है।

देसाईनगर मे रहनेवाली छात्रा प्राची कोलवाल को लगातार चक्कर आ रहे हैं तथा बैचेनी हो रही है तो ढांचा भवन की प्रियंका शर्मा को सिरदर्द व बैचेनी हो रही है। फ्रीगंज निवासी माया जैन को गैस व अपच परेशान कर रही है तो विद्यानगर निवासी अमिता मिश्रा के हाथ-पांव मे लगातार दर्द परेशान कर रहा है। मौसम के यकायक परिवर्तन से शरीर अनुकूलता नहीं बैठा पा रहा है परिणामस्वरूप तरह तरह की शारीरिक व्याधियां पैदा हो रही हैं। इस संबंध में दैनिक ब्रह्मास्त्र ने आयुवेर्दाचार्य डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी से चर्चा की तो उन्होंने मौसम के बदलाव के हिसाब से अपना खानपान नियमित रखने की सलाह दी और एक नियमित दिनचर्या अपनाने की बात पर बल दिया।

### मौसमी फल ही खाएं

नाश्ते का समय सबसे सही है सुबह आठ से नौ के मध्य। इस समय मौसमी फल जो हमारे क्षेत्र में होता है वही खाना अतिउत्तम है। जैसे मालवा में होनेवाला जायफल, संतरा आदि। ईश्वर ने हर क्षेत्र के लोगों को वहां की अनुकूलता के हिसाब से प्राकृतिक चीजें बख्शी हैं। अंकुरित आहार या उबला हुआ अन्न खाएं। दोपहर के भोजन का श्रेष्ठ समय है बारह से एक बजे तक इस दौरान संतुलित आहार लें और उसके बाद छांछ अवश्य पी लें। छाछ भोजन को पचाने मे मददगार होती है। दोपहर मे निद्रा नहीं लेना चाहिए। रात्रि का भोजन संभव हो तो सूर्यास्त के पहले लें और भोजन के बाद गुड अवश्य खाएं फिर कम से कम सौ कदम चलें। आयुर्वेद के हिसाब से रात मे सभी को दस बजे तक सो जाना चाहिए जिससे स्वास्थ्य उत्तम बना रहता है।

डॉ. त्रिपाठी के अनुसार सुबह उठने के बाद 1 से 2 ग्लास गुनगुना पानी एक चुटकी हल्दी डालकर प्रतिदिन पीना चाहिए। लोग प्रायः ये गलती करते हैं कि खड़े होकर गटागट पानी पी जाते हैं। पानी सही तरीके से बैठकर एक एक घूट पीना चाहिए। स्नान के लगभग 10मिनट पहले नाभी, पैर के तलवे व उंगलियों के नाखून पर सरसों का तेल लगाकर हल्की मालिश करना उत्तम होता है। नहाने के बाद सूर्यनमस्कार या हल्का व्यायाम करें।

### 44 घंटे में 8 लाख भक्त पहुंचे महाकाल मंदिर

## मंदिर समिति को 2.57 करोड़ की शीघ्र दर्शन और लड्डू प्रसादी से आय हुई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



महाशिवरात्रि पर्व के दो दिन 15 और 16 फरवरी को देश बाहर से आए 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। इस दौरान 62 लाख रुपए से अधिक की आय सिर्फ 250 रुपए वाली शीघ्र दर्शन की रसीद से हुई साथ ही मंदिर से 1.95 करोड़ रुपए का लड्डू प्रसादी अभी भक्त अपने साथ ले गए। मंदिर में आए दान की गणना करना अभी बाकी है।

महाशिवरात्रि पर 44 घंटे तक महाकाल मंदिर के पट खुले रहे। इस दौरान दो दिनों में 15 फरवरी रविवार को 5 लाख 78 हजार 943, और 16 फरवरी को 2 लाख 27 हजार 602 भक्तों ने महाकाल भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान शीघ्र दर्शन 25 हजार श्रद्धालुओं ने शीघ्र दर्शन का लाभ लिया। रविवार को 20,700 श्रद्धालुओं द्वारा 250 रुपए का शीघ्र दर्शन टिकट लेकर दर्शन लाभ लिया। साथ ही सोमवार को 4,300 लोगो ने टिकटों के माध्यम से दर्शन किए। इस प्रकार दो दिनों में कुल 25,000 टिकटों के माध्यम से 62,50,000 की आय मंदिर समिति को प्राप्त हुई।

शिव नवरात्रि पर्व पर 400 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसाद विक्रय श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा शिव नवरात्रि के पावन अवसर पर दिनांक 6 फरवरी से 16 फरवरी तक श्रद्धालुओं हेतु रागी एवं बेसन के लड्डुओं प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## 9 जगहों पर हुई जल सुनवाई

### पेयजल से संबंधित समस्याओं का किया निराकरण



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पेयजल से संबंधित समस्याओं को लेकर मंगलवार को एक बार फिर नगर निगम में जल सुनवाई हुई। इसमें रहवासियों ने घरों में नलों से आ रहे दूषित पानी सहित अन्य समस्याओं की शिकायत दर्ज कराई।

महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निदेर्शानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शहर के 9 स्थानों पर जल सुनवाई आयोजित की गई है। इनमें मुरलीपुरा पानी टंकी, मिचीर्नाला टंकी, खिलचीपुर टंकी, महानंदा नगर टंकी, त्रिवेणी विहार टंकी, नागझिरी टंकी, देवास गेट टंकी, नगर निगम मुख्यालय और कलेक्ट्रेट भवन शामिल थे।

### शिकायत पर संज्ञान सात दिन बाद

# मूलभूत सुविधा के लिए भी लचर रवैया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




शासन ने जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आनलाइन शिकायत की ढेर सारी सेवाएं चला रखी हैं किन्तु क्या तकनीक के इस फटाफट संचार युग मे भी शिकायतों का त्वरित निराकरण हो पाता है? ये एक विचारणीय प्रश्न है। स्थानीय शासन मतलब नगरनिगम से आमजन सीधे जुड़ा हुआ है और बुनियादी जरूरत पेयजल व सफाई व्यवस्था दोनो ही नगरनिगम के अधीन हैं। ऐसे मे यदि आनलाइन एप या नगरनिगम के शिकायती प्रकोष्ठ मे ई- मेल से शिकायत दर्ज की जाती है और पीने के पानी जैसी मूलभूत जरूरत की समस्या का संज्ञान संबंधित अधिकारी पूरे सात दिन बाद लेते हैं तो इन सेवाओं का होना निरर्थक ही साबित हो रहा है।

**10 फरवरी को दर्ज शिकायत का संज्ञान 17 फरवरी को-** ताजा मामला कमलानेहरू मार्ग निवासी राहुल शुक्ल का है जिनके घर के समीप पेयजल की नवीन पेयजल लाइन डालने के चलते पेटी ठेकेदार शिंदे की जेसीबी ने पूरी पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी थी । क्षेत्र के रहवासियों ने इसकी शिकायत पी एच ई व वार्ड 44 के पार्षद पति राजा कालरा से की। दो दिन परेशान होने पर भी जब पाइप नहीं जोडे गए तो पत्रकार राहुल शुक्ल ने दिनांक 10 फरवरी को कमिश्नर उज्जैन अर्बन गवर्नमेंट के ई- मेल एड्रेस commuj-jain@mpurban.gov.in पर ईमेल द्वारा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन दुरूस्त कराने बाबत शिकायत दर्ज की। मूलभूत आवश्यकता से संबंधित इस समस्या का संज्ञान नगरनिगम के अधिकारियों ने पूरे सात दिन बाद लिया जब आज नगरनिगम से साहिल मैदावाला का फोन आया और समस्या से संबंधित पूछताछ की गई। इसी बीच शुक्ल ने दौड़भाग करके जनप्रतिनिधियों की मदद से पी एच ई द्वारा पाइप रिपेयर करवा लिया ताकि पेयजल की आपूर्ति हो सके। विचारणीय पहलू ये है कि मुख्यमंत्री के गृहनगर मे अधिकारी मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु इतना विलंब से संज्ञान ले रहे हैं जो इस बात की तस्दीक करता है कि अधिकारी बेखौफ हैं और शासन की राम- राज्य की परिकल्पना वास्तविक धरातल पर मूर्तरूप नहीं ले पा रही है।

उज्जैन
बुधवार
18
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

कर्मणः सुकृतस्याहुः सात्त्विकं निर्मलं फलम्।
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम्॥
अर्थः श्रेष्ठ कर्म का तो सात्त्विक अर्थात् सुख, ज्ञान और वैराग्यादि निर्मल फल कहा है, राजस कर्म का फल दुःख एवं तामस कर्म का फल अज्ञान कहा है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में महिला रिसर्चर को बच्चा चोर समझकर पीटा

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी इलाके में एक रिसर्चर महिला को बच्चा चोर समझकर लोगों ने पीट दिया। आरोपियों ने महिला का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में पीड़िता ने एमआईजी थाने पहुंचकर दो महिलाओं समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। एमआईजी पुलिस ने नेहरू नगर निवासी 34 वर्षीय महिला की शिकायत पर कलाबाई कौशल निवासी एमआईजी कॉलोनी, खुशी कौशल सहित अन्य लोगों के खिलाफ झूठा आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने इस घटना को लेकर एक वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह दवाई लेने जा रही थी। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने उसे रोका और वहां से गुजरने का कारण पूछा। जब उसने दवाई लेने की बात कही, तो उस पर बच्चा चोर होने का आरोप लगा दिया गया। इसके बाद एक्टिवा पर सवार तीन अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उसे पीटते हुए थाने तक ले गए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसका फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे उसे गहरा मानसिक आघात पहुंचा। बाद में वह सामाजिक लोगों से संपर्क कर दोबारा थाने पहुंची, जहां उसकी शिकायत पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ विधिसंगत कार्रवाई की जा रही है।

### घर की गैलरी के कांच टूटे मकान मालिक ने गोली चलने की आशंका जताई

**इंदौर।** महू के पत्ती बाजार में मंगलवार देर रात एक घर की दो गैलरी के कांच फोड़ने की घटना सामने आई। मकान मालिक ने एयर गन से फायर कर कांच तोड़ने की आशंका जताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पत्ती बाजार निवासी संतोष कुमार चौहान के घर पर गैलरी के कांच टूटे पाए गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें परिजनों ने एयर गन से गोली चलाकर कांच फोड़ने की आशंका व्यक्त की है। घटना की सूचना मिलते ही रात करीब 10 बजे बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और थाने भी गए। सूचना पर एएसपी रूपेश द्विवेदी, एसडीओपी ललित सिकरवार, महू टीआई राहुल शर्मा, किशनगंज टीआई कुलदीप खत्री, बड़गोंदा टीआई प्रकाश वास्कले सहित महू, किशनगंज और बड़गोंदा का पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा।

### कल से 48 घंटे का शटडाउन, 2 दर्जन कॉलोनियों में 3 दिन नर्मदा सप्लाय बंद

**इंदौर।** शहर की प्यास बुझाने वाला नर्मदा का पानी एक महीने से पहाड़ी पर बह रहा था। वाचू पॉइंट पर बीपी टैंक के पास 1200 मिमी व्यास की पाइप लाइन में लीकेज से रोज 3 से 4 एमएलडी पेयजल व्यर्थ बह रहा था। अब नगर निगम 19 फरवरी की सुबह से 48 घंटे का शटडाउन लेकर इसे ठीक करेगा। निगम प्रशासन के मुताबिक, भागीरथपुरा घटना के बाद शहरभर में पाइप लाइनों की मरम्मत का काम चल रहा था, इसलिए सप्लाय बंद नहीं की गई। अब एक साथ चार बड़े काम निपटाने के लिए दो दिन का शटडाउन लिया जा रहा है। सोलर प्लांट शुरू करने की प्रक्रिया के लिए भी शटडाउन जरूरी था। इसलिए एकसाथ सभी काम किए जाएंगे। इसके लिए 15 दिन से तैयारियां की जा रही थीं। शटडाउन के कारण 19 और 20 फरवरी को अन्नपूर्णा और बिलावली टंकी क्षेत्र में सीधी जलापूर्ति नहीं होगी। 20 और 21 फरवरी को जिन टंकियों में पानी भरना था, वे खाली रहेंगी। इनमें अन्नपूर्णा, छत्रीबाग, राज मोहल्ला, एमओजी लाइन, लोकमान्य नगर, द्रविड़ नगर, महाराणा प्रताप नगर, जिंसी हाट मैदान, नरवल, अगरबत्ती क्षेत्र, टिगरिया बादशाह, सुभाष चौक, सदर बाजार, गांधी हॉल, मल्हार आश्रम, स्कीम 103, कुशवाह मोहल्ला, बाणगंगा और जय हिंद नगर शामिल हैं।

## एसआईआर में 4.47 लाख रिकॉर्ड में मिलीं गड़बड़ियां

# जनगणना की तैयारी तेज, मकानों की होगी नंबरिंग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों की नियुक्ति के बाद अब शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग का कार्य शुरू किया जा रहा है। करीब 15 साल बाद होने जा रही इस जनगणना के लिए फरवरी और मार्च में मकानों को क्रमवार नंबर दिए जाएंगे और उनके आधार पर ब्लॉक बनाए जाएंगे।

शहरी क्षेत्रों में वार्ड सीमा के भीतर तथा ग्रामीण इलाकों में गांव की सीमा के अनुसार ब्लॉक तैयार किए जाएंगे। एक ब्लॉक में 180 से 200 मकान और लगभग 750 से 800 की आबादी शामिल होगी। मकानों पर अलग-अलग रंग से नंबर लिखे जाएंगे, ताकि प्रगणकों को सर्वे में सुविधा हो।



पहले चरण में 1 से 31 मई के बीच मकानों की गणना की जाएगी। इसके लिए जिले में करीब 8 हजार प्रगणक और 1300 पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इस दौरान 37 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी।

दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें आबादी की गणना की जाएगी। पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। नागरिकों को स्वयं गणना का विकल्प भी मिलेगा, जिसकी पुष्टि प्रगणक घर पहुंचकर करेंगे।

### 28.67 लाख मतदाताओं का परीक्षण, 6.78 लाख को नोटिस

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिले में 4 लाख 47 हजार 648 रिकॉर्ड में विसंगतियां सामने आईं। कुल 28.67 लाख मतदाताओं के परीक्षण के बाद 6.78 लाख को नोटिस जारी किए गए। सुनवाई के बाद 5108 मतदाता अपात्र पाए गए, जबकि 551 नाम अन्य स्थान पर पंजीकरण के कारण हटाए गए। समीक्षा के बाद जिले में मतदाताओं की संख्या घटकर लगभग 24.19 लाख रह गई है। प्रशासन अब अंतिम प्रकाशन की तैयारी कर रहा है।

### प्रारंभिक चरण में 28.67 लाख गणना पत्र

- 4 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 के बीच जिले में 28.67 लाख मतदाताओं के गणना पत्र भरवाए गए थे। इनमें से 24 लाख 20 हजार 171 मतदाताओं ने फॉर्म जमा किए, जिन्हें प्रारंभिक सूची में शामिल किया गया।
- 1 लाख 33 हजार 706 मामले नो-मैपिंग श्रेणी के पाए गए।
- 5 लाख 79 हजार 265 मतदाताओं के नाम, जन्मतिथि या अन्य विवरण में त्रुटियां मिलीं।
- 33 हजार 701 रिकॉर्ड में बीएलओ स्तर पर सुधार किया गया।

# 1 माह पहले एमबीए छात्रा का तोड़ा था मोबाइल

## मृतका की छोटी बहन ने लगाए आरोप- बहन का डिजिटल वॉलेट खुद चलाता था पीयूष

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में टइअ की छात्रा की नृशंस हत्या करने वाले आरोपी पीयूष धामनोतिया को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। छात्रा की छोटी बहन ने इस बात का खुलासा किया है कि आरोपी पीयूष छात्रा का ई-वॉलेट खुद चलाता था। वह कई बार उससे रुपए ले चुका था। इसके चलते उसे पासवर्ड चेंज करना पड़ा था। छात्रा की बहन ने यह भी बताया वह 1 माह पहले उसका मोबाइल भी तोड़ चुका था। जिसमें सुधारने की बात कर-के बहन को खुद साथ ले गया। बाद में उसके रुपए बहन ने दिए थे। पासवर्ड चेंज करने के बाद पीयूष ने उससे 18 सौ रुपए भी लिए थे। जिसमें छोटी बहन ने उसे यह रुपए दिए थे। द्वारकापुरी पुलिस पीयूष धामनोतिया से पूछताछ कर रही है। इसी बीच मृतक की छोटी बहन ने आरोप लगाए हैं कि जिस एप को लेकर पीयूष ने बहन से झगड़ा किया था। वह मोबाइल में उसने अपलोड




किया था। इस एप को वह खुद चलाती थी। यह बात पीयूष को वह बता भी चुकी थी। लेकिन पीयूष इस बात को नही माना था। वह फिर भी बहन पर शंका करता रहता था। इस एप पर छात्रा की छोटी बहन अपनी सहेलियो से बात करती थी। पीयूष ने पुलिस अफसरों के सामने जिन लड़कों के नाम लिए हैं। वह दोनों सामान्य दोस्त थे। बहन से उनका कोई लेना नहीं था, लेकिन पीयूष इस कारण से बहन से झगड़ा करता था। उसने दीदी को समझाया भी था कि वह पीयूष का साथ छोड़ दे। वह ठीक लड़का नहीं है। मोबाइल इसी बात से गुस्सा होकर पीयूष ने फोड़ा था। इसलिए बहन ने उससे बात बंद की थी। बाद में वह उसे समझाने लगा। उसे इसी बात का गुस्सा था कि बहन उससे बात नही कर रही। वह कहता था कि उसे ऐसे नहीं भूलने देगा।

खजराना में किया था झगड़ा पीयूष ने टइअ की छात्रा को 26 जनवरी को मिलने बुलाया था। उसकी छोटी बहन को भी तब वह अपने साथ लेकर गई थी। खजराना से वापस आते समय वह ई रिक्शा में विवाद करने लगा। चलती ई रिक्शा से कूद गया। बाद में टइअ की छात्रा भी ई रिक्शा से रास्ते में उतर गई। पीयूष को समझाया। गोपुर चौराहे पर फेंकी थी चाबी टीआई मनीष मिश्र मंगलवार को अपनी टीम के साथ आरोपी पीयूष धामनोतिया को उसके कमरे पर लेकर पहुंचे थे। यहां पर उससे उसका पेंट,चाकू और अन्य सामान की जब्ती की गई। आरोपी ने कमरे में बताया कि उसने किस तरह से उसकी हत्या की थी। इसके पहले कहां खाना बनाया। किस तरह से छात्रा के हाथ-पैर बांधे थे। आरोपी को नहीं कोई पछतावा द्वारकापुरी थाने पर मंगलवार को जब आरोपी को उसके कमरे पर ले जाया जा रहा था। तब उससे कुछ मीडियाकर्मियों ने बात की।

# इंदौर में 20 फरवरी से गिद्धों की गणना

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर वनमंडल में तेजी से घट रही गिद्धों की संख्या को लेकर वन विभाग ने निगरानी और संरक्षण की कवायद तेज कर दी है। इसी कड़ी में 20 फरवरी से तीन दिवसीय शीतकालीन गणना अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान तिंछा फाल सहित 38 चिन्हित स्थानों पर सुबह 6 से 8 बजे तक टीमें गिद्धों की गिनती करेंगी। वन विभाग ने इस कार्य के लिए 16 टीमें गठित की हैं। इंदौर, महू, चोरल और मानपुर रेंज के 40 से अधिक वनकर्मियों को गिद्धों की पहचान और गणना की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया है। 20 से 22 फरवरी तक सुबह 6 से 8 बजे के बीच टीमें खुले स्थानों और पेड़ों पर बैठे गिद्धों की संख्या दर्ज करेंगी। साथ ही फोटोग्राफी कर प्रमाण सुरक्षित रखे जाएंगे। प्रदेश में गिद्धों की गणना वर्ष 2016 से की जा रही है। उस समय 33 जिलों के 900 से अधिक स्थानों पर सर्वे किया गया था। इंदौर वनमंडल में पेडमी, कजलीगढ़, पातालपानी, देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड, आशापुरा, रतवी, गिद्ध खोह (सिवनी), कपेल और तिंछा फाल सहित 38 स्थान तय किए गए हैं। प्रदेश में इजिप्शियन, वाइट रम्प्ड, किंग वल्चर, लांग बिल्ड और यूरेशियन प्रजाति के गिद्ध पाए जाते हैं। इंदौर वनमंडल में इजिप्शियन गिद्धों की संख्या अधिक है, जिनकी पहचान सफेद शरीर और पीली चोंच से होती है।

# इंदौर में 16 निजी अस्पताल बिना भवन अनुमति के संचालित

## 31 अस्पताल संचालकों को दिया नोटिस, हाईकोर्ट के निर्देश चार सप्ताह में पेश करें जवाब

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर शहर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। नगर निगम इंदौर ने कोर्ट में जवाब पेश कर स्वीकार किया कि शहर में 16 निजी अस्पताल बिना वैध भवन अनुमति के संचालित हो रहे हैं।

मंगलवार को जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. माधव



हसानी हाईकोर्ट के निर्देशों के बावजूद अपना जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई।

**आवासीय और कोचिंग अनुमति पर चल रहे अस्पताल-** नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कई अस्पताल ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जिन्हें आवासीय अथवा कोचिंग संस्थान की अनुमति दी गई थी। इन भवनों में अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां नहीं ली गईं।

**31 अस्पताल संचालकों को नोटिस-** मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने शहर के 31 निजी अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई में सभी संबंधित पक्षों को उपस्थित रहने के आदेश भी दिए गए हैं।

**कूटरचित दस्तावेजों का आरोप-** याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री की ओर से एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि कुछ अस्पताल नगर निगम और फायर सेफ्टी शाखा के कथित कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर संचालित किए जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने सभी पक्षों के तर्क सुनते हुए विस्तृत जवाब तलब किया है।

## खबर एक नजर...

### मीसाबंदी और निर्भीक पत्रकार देवव्रत चोधरी का गार्ड आफ आनर के साथ देहदान सम्पन्न

**उज्जैन।** अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में जीवन के अंतिम क्षणों में विगत 1 वर्ष से आश्रम में पर सेवाओं पर निर्भर आचार्य विनोबा भावे के साथी मीसाबंदी, गोविन्दराम सक्सेरिया कॉलेज इंस्टीट्यूट आफ साईस एण्ड टेक्नॉलाजी के प्रतिभाशाली छात्र, गोल्ड मेडलिस्ट एवं छात्र अध्यक्ष एवं इंजीनियर ने सेवाधाम आश्रम में अंतिम सांस ली। देवव्रत चोधरी की अंतिम इच्छानुसार एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की प्रेरणा एवं वरद उपस्थिति में भाई कर्नल सुभ्रत चोधरी, अपूर्व चोधरी, बहन बहनोई रंजन बेनर्जी, कॉलेज के डीन डॉ. अखिलेश कुमार पीठवा, प्रो. श्वेता मिश्रा, बचपन के मित्र नारायण दास आई दासानी, प्रो. शर्मा, दत्तक पुत्र ब्रजेश शर्मा एवं गजानन्द सिंह चोधरी देहदान अधिकारी की उपस्थिति में अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, देवास को सौंपा गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणानुसार देहदानी अमर रहे के नारों के साथ देवास पुलिस ने गार्ड आफ आनर दिया, देवव्रत चोधरी अपने समय में प्रख्यात लेखक, पत्रकार भी रहे, उन्होंने बुक आफ गार्ड पुस्तक भी लिखी, विनोबाजी के निर्देशन में गोबर गैस निर्माण में बतोर इंजीनियर एवं गौ हत्या के विरूद्ध अनेक सत्याग्रह भी किए।

### लाइनमैन को जातिसूचक गालियां और जान से मारने की धमकी

उज्जैन। गुनाई खालसा में पदस्थ लाइनमैन के साथ अभद्रता, जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय बलाई महासभा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

महासभा के जिला महामंत्री मनोज मालवीय कनीपुरा ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइनमैन जितेंद्र मालवीय गुनाई खालसा में कार्यरत हैं। उनके साथ एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया, जिसमें उन्हें जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासभा के जिला अध्यक्ष जगदीश मकवाना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन फ्रीगंज स्थित अजाक्स थाने पहुंचे।

# गायत्री शक्तिपीठ में 5 राज्यों के साधक कर रहे कठोर तप, 5 दिनों तक रहेगा पूर्ण मौन और सात्विक आहार

### आत्मशोधन का अनूठा प्रयास, गायत्री शक्तिपीठ में डिजिटल उपवास और मौन के साथ विशिष्ट साधना शिविर का आगाज

### मोबाइल वर्जित, डिजिटल उपवास और पूर्ण मौन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अखिल विश्व गायत्री परिवार केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन पर पांच दिवसीय ह्यविशिष्ट साधना सत्रह्न का शुभारंभ 14 फरवरी से हो गया है। इस शिविर में कड़े अनुशासन का पालन करते हुए साधक आत्मशोधन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। यह शिविर अब हर महीने की 14 से 20 तारीख तक आयोजित किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभु चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशिष्ट शिविर में कुल 29 साधक भाग ले रहे हैं, जिसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं। इसमें मध्य प्रदेश से सर्वाधिक 24 साधक, बिहार से 2, तथा उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान से 1-1 साधक शामिल हैं।

शिविर की सबसे बड़ी विशेषता इसका कठोर अनुशासन है। सभी साधक 14 फरवरी की शाम से 19 फरवरी की शाम तक ह्यपूर्ण मौनह्न व्रत का पालन कर रहे हैं। इस दौरान साधक ह्यडिजिटल उपवासह्न पर हैं, अर्थात मोबाइल का प्रयोग पूरी तरह वर्जित है। भोजन में भी केवल सात्विक आहार (अन्न) दिया जा रहा है, जिसमें पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है।

साधकों की दिनचर्या अत्यंत व्यवस्थित है। प्रातः 4 बजे जागरण के साथ दिन की शुरूआत होती है। इसके बाद प्रार्थना, आत्मबोध और आरती का क्रम चलता है। दिन भर में साधक यज्ञ, औषधीय प्रज्ञा पेय का सेवन, जप, नियमित ध्यान, ज्योति अवधारणा ध्यान और डायरी लेखन करते हैं। रात्रि 8.45 बजे तत्वबोध की साधना और प्रार्थना के साथ दिनचर्या समाप्त होती है।

शिविर का संचालन शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक श्री कुलदीप सिंह राणावत (चित्तौड़गढ़) कर रहे हैं। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक जे.पी. यादव और उप जोन प्रभारी प्रभाकर सोनोने के मार्गदर्शन में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण परिसर और साधना कक्षों में ध्वनि प्रसारण (माइक-स्पीकर) की व्यवस्था है, साथ ही वीडियो संदेशों और अमृतवाणी के लिए टीवी स्क्रीन लगाए गए हैं ताकि साधक आचार्य जी के विचारों को आत्मसात कर सकें।

#### शिवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान

शिविर के दौरान महाशिवरात्रि का पर्व भी उल्लास के साथ मनाया गया। साधकों ने पारद शिवलिंगों का निर्माण किया और प्रज्ञाऐश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन कर फलाहार ग्रहण किया।

#### भविष्य की योजनाएं और समापन

इस शिविर का समापन 19 फरवरी की शाम को होगा। 20 फरवरी को साधक उज्जैन के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर विदा लेंगे। गायत्री परिवार का उद्देश्य इन शिविरों के माध्यम से ह्यमानव में देवत्व का उदयह्न और ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्न की भावना को प्रबल करना है। आगामी शिविर अयोध्या धाम में 19 मार्च से 27 मार्च तक तथा ओंकारेश्वर में 25 मार्च से 30 मार्च तक लगेंगे। इस साधना सत्र में भाग लेने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से अनुमति लेना आवश्यक है। इच्छुक परिजन वेबसाइट ंद्दस्त्र.ङ्ग१ॅ पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। स्थानीय प्रबंधन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे शिविर का अवलोकन करें और अधिक से अधिक लोगों को इस आत्म-कल्याणकारी साधना के लिए प्रेरित करें।

# सुदामा चरित्र के मार्मिक प्रसंग के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम

### महाआरती के बाद भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी, सुदामा-कृष्ण मिलन देख भावुक हुए भक्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मक्सी रोड स्थित नीमनवासा चकोर पार्क में बालाजी टाइल्स एवं पंवार परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को सातवें दिवस सुदामा चरित्र के वर्णन और महाआरती के साथ विधिवत विश्राम (समापन) हुआ। कथा के अंतिम दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्यलाभ कमाया।

कथा व्यास पंडित अजय शंकर तिवारी ने कथा का रसपान कराते हुए भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मित्रता में अमीरी-गरीबी नहीं, बल्कि समर्पण और भाव देखा जाता है। सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनते ही पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर यजमान संजय पंवार (बालाजी टाइल्स) द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

पंडित अजय शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन 11 से 17 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक बालाजी टाइल्स कंपाउंड में चला। मंगलवार को कथा विश्राम के अवसर पर पंवार परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

कथा समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा, उमेश सिंह सेंगर, हरनाम यादव और राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से कैलाश पंवार, रमेश पंवार, प्रकाश पंवार, राजमल पंवार, संजय पंवार, बंटी केलोदीया सहित समस्त बालाजी टाइल्स परिवार, पंवार परिवार और मित्र मंडल का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी और धर्मप्रेमी जनता मौजूद रही।

### श्रीमद्भागवत कथा का सातवें दिन पुणार्हुति के साथ हुआ विश्राम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कर्मण्य कृष्ण सेवा समिति द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन 11 फरवरी से 17 फरवरी तक केशव नगर कालोनी में आयोजित की जा रही थी। समिति की अध्यक्ष एवं आयोजक मिथलेश गुप्ता (राधा दीदी) ने बताया कि कर्मण्य कृष्ण सेवा समिति द्वारा कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अमरदास जी महाराज अयोध्या वाले के मुखारविंद से प्रतिदिन कालोनी एवं आसपास की धर्मप्राण जनता बडी संख्या में कथा का श्रवण करने आ रहे है। मुख्य यजमान मनोज संगीता खंडेलवाल थे। श्री मद्भागवत केवन नगर में चल रही भागवत में आज सातवें दिन श्री मद्भागवत कथा का विश्राम हुआ। महामंडलेश्वर अमरदास जी महाराज ने सातवें व अंतिम दिन शिशुपाल उद्धार, परीक्षित की परमगति, सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। श्रद्धालुओं ने इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। कथा के अंत में महाआरती कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर जग्गनाथ जी महाराज, संगीता खंडेलवाल, भावना मिश्रा, देववती शर्मा, संतोष कपूर, भगवती जयसवाल, मोना शर्मा सहित समस्त केशव नगर के रहवासी एव बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# विशेष शिविर में छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में बौद्धिक व्याख्यान हेतु आचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के सूत्र बताए तथा आंतरिक एवं बाह्य रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दी।




महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को ह्लहम होंगे कामयाबह्व गीत के माध्यम से प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कविता जैन ने विशेष शिविर की प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि रासेयो शिविर व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य ह्लमैं नहीं, आपह्व को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब हम सेवा और समर्पण की भावना को अपने दैनिक जीवन में अपनाते हैं, तभी वास्तविक एवं सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मोनिका परमार द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मीरा यादव ने व्यक्त किया। विशेष शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा विविध सामाजिक, शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी, मोबाइल से दूर रहें बच्चे- सोनू गहलोत

**उज्जैन।** बच्चों को खेलकूद पर भी बराबर ध्यान देना चाहिए और मोबाइल की दुनिया से दूर रहकर शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। यह विचार पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गहलोत ने व्यक्त किए। वे ज्ञान टेकरी, पिपली नाका में आयोजित सामग्री वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

## खबर एक नजर...

### पुलिस थाने का अक्षय सिंह बेस ने संभाला थाना प्रभारी का चार्ज

**सुसनेर।** सुसनेर थाने की कमान टीआई अक्षय सिंह बेस ने संभाल ली। वहीं आगर में महिला थाना प्रभारी के रूप में केशर राजपूत ने पदभार ग्रहण किया। जारी आदेश के बाद दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी संभालते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। सुसनेर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने को लेकर नए टीआई की कार्यशैली पर क्षेत्रवासियों की नजर रहेगी। वहीं आगर महिला थाने में महिला अपराधों से जुड़े मामलों के त्वरित और प्रभावी निराकरण की जिम्मेदारी अब केशर राजपूत के हाथों में रहेगी। पुलिस विभाग के इस प्रशासनिक बदलाव को जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में झुटावद पोस्ट ऑफिस में पदस्थ राहुल की मौत

**महिदपुर रोड।** सोमवार की देर शाम महिदपुर रोड तथा नागदा के बीच हुई दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में ग्राम झुटावद के पोस्ट ऑफि स में पदस्थ कर्मचारी राहुल गुर्जर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई विभागीय कर्मचारियों के व्हाट्सएप ग्रुप पर जैसे ही सहयोगी कर्मचारियों को घटना की जानकारी मिली वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तथा उसके परिजनों को हरियाणा खबर कर सड़क दुर्घटना में राहुल की मौत की जानकारी दी राहुल गुर्जर हरियाणा का रहने वाला होकर ग्राम झुटावद के पोस्ट ऑफिस में पदस्थ था तथा सोमवार को अपने किसी काम से नागदा शहर गया हुआ था जहां से वापसी लौटते समय उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

# एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

जिला शिवपुरी के करैत क्षेत्र में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की 14 फरवरी को दिन-दहाड़े गोली मारकर की गई निर्मम हत्या की घटना से संपूर्ण प्रदेश का अधिवक्ता समाज स्तब्ध, व्यथित एवं आक्रोशित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे अपने न्यायिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे, उसी दौरान आपराधिक तत्वों द्वारा उन्हें निशाना बनाया गया। इस जघन्य कृत्य को अभिभाषक संघ बड़नगर ने न्याय व्यवस्था एवं विधि के शासन पर सीधा एवं गंभीर प्रहार करार दिया है।





अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा इस अमानवीय घटना की घोर निंदा करते हुए कहा गया कि यह केवल एक अधिवक्ता की हत्या नहीं, बल्कि न्याय की रक्षा एवं संवैधानिक मूल्यों की संरक्षा करने वाले वर्ग की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। यदि अधिवक्ता ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो आमजन की न्याय तक सुगम पहुँच भी बाधित होगी। विगत वर्षों में अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमलों की पुनरावृत्ति ने अधिवक्ता समुदाय में असुरक्षा एवं रोष की भावना को और अधिक गहरा किया है। घटना के विरोध स्वरूप सोमवार को अभिभाषक संघ बड़नगर के समस्त अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से पूर्णतः विरत रहे।

अभिभाषक संघ द्वारा मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन प्रेषित कर अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र प्रभाव से लागू किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन का वाचन संघ के सचिव मयंक यादव द्वारा किया गया। तत्पश्चात उक्त ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बड़नगर के कार्यालय में विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता व संघ कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ अपनी मांगों का समर्थन किया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण राठौड़ ने कहा कि यदि समय रहते अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी कानून लागू नहीं किया गया, तो अधिवक्ता समुदाय व्यापक एवं चरणबद्ध आंदोलन हेतु बाध्य होगा। अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का अभिन्न स्तंभ है, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य की प्राथमिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है।

# शिविर में 210 हितग्राही लाभान्वित हुए

### ऐसे स्वास्थ्य शिविरों आमजन के स्वास्थ्य की सेवा हेतु एक महत्वपूर्ण पहल- पण्ड्या

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सफल एवं उपलब्धियों भरे दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उज्जैन जिले में आयोजित श्रृंखलाबद्ध निःशुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान का आज बड़नगर नगर में विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पंड्या, सत्यनारायण खोईवाल, नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता वर्मा, जिला महामंत्री श्याम शर्मा, द्वारा शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण विधानसभा संयोजक विराग मिश्रा द्वारा किया। इस अभियान के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में नागरिकों के हृदय स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गई। उक्त शिविर में 210 हीतग्राही लाभान्वित हुए जिनमे 85 ईसीजी की गई और 34 ईको जांच हेतु उज्जैन बुलवाया गया एवं 15 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। उक्त कार्यक्रम में हरीकिशन मेलवाणी, डॉ. सुयश श्रीवास्तव, गजेंद्रसिंह राजावत, शांतिलाल गोखरू, रेखा राठौड़, विनीता वर्मा, लता शर्मा, राजकुमारी निंबोला, कलावती ठाकुर, बाबु भाई बोहरा, मुन्ना नागर, दिलीप जैन, अंकित दवे, रवि हिंडोलिया , हर्षवर्धन सिंह, अमर खुटवाल, जितेन्द्र यादव, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक मंत्री लोकेंद्र सिंह पंवार द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़ द्वारा किया गया।

# शिवसेना ने आमजन के साथ नगर की समस्याओं को लेकर दिया धरना



ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

नगर की विभिन्न आमजन की समस्याओ को लेकर निरंतर आवाज उठा रही शिवसेना ने विभिन्न मांगो को लेकर नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाया तथा सोमवार को स्थानीय नगर पालिका बड़नगर के गेट के सामने विभिन्न मांगो जैसे स्वाध्याय भवन चौड़ी करण, यातायात व्यवस्था दुरुस्तीकरण, सड़को पर पड़े गड्ढों को ठीक करने, फायर ब्रिगेड उपलब्ध करवाने व साफ सफाई सहित विभिन्न विषयों को लेकर युवा शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया ने आम जन व शिवसैनिको के साथ धरना आंदोलन किया। ]

नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल अपने कर्मचारियों के साथ स्थल पर पहुंचे, जिन्होंने सभी मांगो को पुरा करने का आश्वासन दिया किन्तु प्रभात पुरानिया ने कहा की आश्वासन नहीं चाहिए, काम चाहिए, अनेक बार उक्त मांगो को लेकर आम नागरिक काफी समय से परेशान है, लेकिन आश्वासन देकर आप इति श्री कर लेते है, अब समाधान की आवश्यकता है। साथ ही कहा की यदि मंगलवार सुबह तक आपके द्वारा व अध्यक्ष के द्वारा उक्त मांगो के निराकरण हेतु सख्त कदम नहीं उठाये तो दोपहर तक शिवसेना आमजन के साथ मिलकर नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चूड़ियाँ पहनाई जावेगी। शाम तक जिम्मेदार नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या धरना स्थल पर मौजूद नहीं हुए जिससे शिवसैनिको व आम जनता में आक्रोश बढ़ गया ओर नगर पालिका गेट के सामने विरोध प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष का पुतला फूँक दिया।

# हृदयेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर हुई कलश स्थापना

### 10 दिवसीय शिव महापुराण व श्रीराम कथा का हुआ विश्राम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के हृदयेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण के बीच मंदिर के शिखर पर विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। इसी के साथ विगत 10 दिनों से चल रहे श्रीराम कथा, शिव महापुराण और शिव शक्ति महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ।

युवा मंच सत्संग समिति और सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। 10 दिनों तक चले इस आयोजन में व्यास गादी से भाई जी श्री प्रदीप जी संज्ञान महाराज ने शिव महापुराण कथा का रसपान कराया, वहीं महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 भगवतानंद गिरि महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रीराम कथा का श्रवण किया।

कार्यक्रम में शिव शक्ति महायज्ञ और आरती के मुख्य यजमान श्री राहुल बंसीलाल जी राठौर एवं राठौर परिवार रहे। महाशिवरात्रि पर पूर्णाहुति के अवसर पर विशाल भंडारे (भोजन प्रसादी) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर युवा मंच सत्संग समिति, महादेव कल्याण सेवा समिति, युवा मानव सेवा समिति, महिला मंच सत्संग समिति और गेहूं वितरण समिति ने सभी पधारे हुए अतिथियों, संतों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से संस्थापक गोपाल बागरवाल, संयोजक विट्ठल नगर लीलाधर आदित्य, अध्यक्ष मनोहर परमार, उपाध्यक्ष फूलचंद जदिया, राजेश श्रीवास, सचिव विजय तिवारी, सह सचिव पारस कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ओम जी हरोड़ और कार्यालय प्रभारी धर्मेंद्र जैन किशन भाटी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। युवा मानव सेवा समिति संयोजक रितेश वर्मा, अध्यक्ष डॉ. सागर मारोठिया, उपाध्यक्ष अर्जुन माली, अनिल पांचाल, सचिव लोकेंद्र रामी, सह सचिव अनिल लश्करी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र डोडिया, मार्गदर्शक सचिन ठाकुर, संगठन मंत्री अमित दुबे, दिनेश परमार, युवा महिला सत्संग समिति संयोजक गीताबेन रामी, अध्यक्ष लक्ष्मी लश्करी, उपाध्यक्ष भारती गुप्ता, नीता आतिया, सचिव नीता राठौर, योगिता आर्य, कोषाध्यक्ष संतोष भारद्वाज, संगठन महामंत्री पिंकी यादव, कविता राय, हृदयेश्वर महादेव कल्याण सेवा समिति संयोजक हरि सिंह यादव, अध्यक्ष महेश सोनोने, पुजारी पंडित संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष रूप सिंह बुंदेला, सचिव अशोक कपूर, अनुज शर्मा, अंकुर शर्मा, बाबूलाल मारोठिया, गेहूं दान वितरण समिति संयोजक राजेश राणा, अध्यक्ष शिवनारायण जागीदार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र परमार, अशोक शर्मा विश्वकर्मा आदि ने सेवाएं दी।

### रवि प्रदोष महापर्व पर 1 मार्च को होगा विशाल भंडारा

**उज्जैन।** श्री महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार के तत्वावधान में आगामी 1 मार्च 2026, रविवार को रवि प्रदोष के पावन महापर्व पर विशाल भंडारे (रिसेप्शन) का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में बाबा महाकाल के भक्तों के लिए नाना प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई है। आयोजक गुरुजी हरीश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन रघुकुल गार्डन, नरसिंह घाट मार्ग, जयसिंहपुरा में रखा गया है। कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. रवि जी सोलंकी हैं। रवि प्रदोष के शुभ अवसर पर आयोजित इस भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से इंद्राणी, सीताफल रबड़ी, आम का रस, काजू कतली, रसगुल्ला और खीर जैसे मिष्ठान्न उपलब्ध रहेंगे।

## खबर एक नजर...

### गिरधारीलाल देवतवाल बने अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष, 92 मतों से जीता चुनाव

**शाजापुर।** मंगलवार को अभिभाषक संघ के चुनाव संपन्न हुए। जहां उपाध्यक्ष पद के लिए 350 में से 284 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर गिरधारीलाल देवतवाल को विजय घोषित किया गया और सभी ने उन्हें बधाई देते हुए स्वागत किया।

अभिभाषक संघ के चुनाव की प्रक्रिया पिछले एक सप्ताह से चल रही थी। पहले प्रत्याशियों ने आवेदन जमा किए। इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मैदान में करणसिंह गुर्जर, सचिव पद पर शैलेंद्र वर्मा, सह सचिव पद पर विकास सक्सेना, लाइब्रेरियन सचिव के पद पर तेजकरन मेवाड़ा व कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र जायसवाल को कोई प्रतिद्वंदी न होने पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया था। लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी गिरधारीलाल देवतवाल, मदनसिंह चौहान व शिव कलेशरिया के मैदान में होने से 17 को मतदान कराया गया। जहां 350 मतदाताओं में से 284 अभिभाषकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें गिरधारीलाल देवतवाल को 188 तथा मदनसिंह चौहान को 53 वोट मिले।

# अस्पताल में हंगामा, डिलीवरी वार्ड में जाने से रोकने पर परिजनों ने सिक्योरिटी गार्ड को पीटा

## शाजापुर जिले की घटना, सीसीटीवी में कैद

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

स्थानीय जिला अस्पताल में सोमवार देररात एक बड़ा विवाद सामने आया। डिलीवरी कक्ष के बाहर ड्यूटी पर तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ मरीज के परिजनों ने जमकर मारपीट की। घटना का मुख्य कारण नियमों का पालन कराते हुए पुरुषों को वार्ड में जाने से रोकना और एंट्री के लिए मोबाइल नंबर मांगना बताया जा रहा है। मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।



### नंबर मांगने पर हुई गलतफहमी और शुरू हुआ विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सिक्योरिटी गार्ड महेश प्रजापति डिलीवरी कक्ष के मुख्य गेट पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी अस्पताल में भर्ती मरीज मुस्कान के कुछ पुरुष परिजन डिलीवरी कक्ष के अंदर जाने का प्रयास करने लगे। गार्ड महेश ने उन्हें नियमों का हवाला देते हुए रोका कि पुरुषों का अंदर जाना सख्त मना है। इसके बाद गार्ड ने रजिस्टर में एंट्री करने के लिए परिजनों से उनका मोबाइल नंबर मांगा। गार्ड के मुताबिक, परिजनों को यह गलतफहमी हो गई कि गार्ड उनकी बहन (मरीज) का नंबर मांग रहा है। इसी बात पर वे भड़क गए और उन्होंने विवाद करते हुए गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में गार्ड महेश के सिर में चोटें आई हैं। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। जिला अस्पताल के डॉ. गोविंद पाटीदार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रात में ड्यूटी पर तैनात गार्ड के साथ मरीज के परिजनों द्वारा झूमा-झटकी और मारपीट की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने इस कृत्य को गंभीरता से लिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को औपचारिक शिकायत आवेदन सौंप दिया है। दूसरी तरफ, इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मरीज मुस्कान के पिता अशोक (निवासी ग्राम भरड़) ने किसी भी प्रकार की जानकारी होने से इनकार किया है। अशोक का कहना है कि वे सोमवार रात को किसी काम से बाहर गए हुए थे और मंगलवार को ही वापस लौटे हैं। इसलिए उन्हें गार्ड के साथ हुए विवाद और मारपीट के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# विद्युत विभाग की सख्त कार्रवाई, बरनावद में बकायेदारों की 6 बाइकें जब्त, मौके पर वसूले 70 हजार रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

बिजली बिलों की बकाया राशि वसूलने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने अब सख्त रवैया अपना लिया है। मंगलवार को जिले के ग्राम बरनावद में विद्युत विभाग की टीम ने सघन अभियान चलाते हुए बकायेदारों के खिलाफ कुर्की और जब्ती की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की कुल 6 बाइक जब्त की गईं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बरनावद में विभिन्न उपभोक्ताओं पर बिजली बिल के रूप में कुल एक लाख बीस हजार रुपए की राशि बकाया थी। विभाग द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद जब उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा नहीं की, तो टीम ने गांव में दबिश दी। जब्ती की कार्रवाई शुरू होते ही बकायेदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की सख्ती को देखते हुए मौके पर ही 4 बाइक मालिकों ने अपने बकाया बिलों के मद में 70 हजार रुपए तत्काल जमा कर दिए, जिसके बाद उनकी गाड़ियां मुक्त की गईं।

### इनके नेतृत्व में हुई कार्रवाई

मोहन बड़ोदिया के कनिष्ठ यंत्री (जेई) उदयभान सिंह किरार ने मंगलवार शाम 4 बजे इस पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वसूली अभियान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इस जब्ती दल में जेई उदयभान सिंह किरार के साथ शाजापुर से विनोद मेवाड़ा सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल थे।

# दिनदहाड़े सूने मकान से 4 लाख नकद व जेवर चोरी

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

जिले के ग्राम कुकड़ी में दिनदहाड़े एक सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सुनेरा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कई दिन बीत जाने पर भी पुलिस के हाथ खाली हैं। कार्रवाई न होने और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान पीड़ित ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती आवेदन सौंपा और जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।



### मजदूरी करने गया था परिवार, पीछे से टूट गए ताले

ग्राम कुकड़ी निवासी बाबूलाल पिता रतनलाल ने कलेक्टर कलेक्टर पहुंचकर दिए आवेदन में बताया कि बीते दिनों वह अपने पूरे परिवार के साथ जंगल में मजदूरी करने गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़ दिया। चोरों ने घर के अंदर रखी पेटी, अलमारी से चार लाख रुपए नकद, एक सोने का मंगलसूत्र और आधा किलो आंवला चुरा लिया। जब परिवार घर लौटा तो ताले टूटे और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए।

चोरी की यह घटना पीड़ित परिवार के लिए एक दोहरा सदमा है। पीड़ित बाबूलाल ने बताया कि कुछ समय पहले ही उनके 25 वर्षीय युवा पुत्र का अचानक निधन हो गया था। बेटे ने शाजापुर के ज्योति नगर क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी दो किस्तें बाकी थीं। इन्हीं बकाया किस्तों को चुकाने के लिए बाबूलाल ने अपनी बहन और ससुराल वालों से चार लाख रुपये उधार मांगकर जुटाए थे, जिसे चोरों ने पार कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद सुनेरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो चोरों का कोई सुराग लगा पाई है और न ही चोरी गई रकम बरामद कर सकी है। बाबूलाल ने कलेक्टर से इस मामले में त्वरित संज्ञान लेकर पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है।

### इनका कहना है

फरियादी की शिकायत मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया था। फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाकर मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

**- अंकित मुकाती, थाना प्रभारी, सुनेरा थाना**

### 60 ग्राम स्मैक सहित अंतर्राज्यीय आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ एसपी के निर्देशन में जुआ, मादक पदार्थ स्मैक, गांजा एवं अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत नरसिंहगढ़ एसडीओपी नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस बल ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की। गुलखेड़ी जोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान पचोर की ओर से आ रही एक मोटरसाइकल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया पूछताछ में सुनील पिता वंशीलाल वैरवा 21 वर्ष, निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ राजस्थान, संतोष पिता हजारीलाल सासी 36 वर्ष निवासी ग्राम गुलखेड़ी के कब्जे से अवैध स्मैक बरामद हुई।

# सरकारी स्कूल में मासूमों से साफ करवाया शौचालय, वीडियो वायरल होने पर मची खलबली

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

जिले के पिपलिया गोपाल स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक शिक्षक द्वारा मासूम बच्चों से स्कूल के शौचालय और बाथरूम साफ कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। मामले के तूल पकड़ने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### शर्ट उतरवाकर करवाई सफाई, छात्राओं से लगवाते हैं झाड़ू

वायरल वीडियो में स्कूल के शिक्षक फजल एक मासूम बच्चे से शौचालय की सफाई करवाते हुए नजर आ रहे हैं। हद तो तब हो गई जब सफाई के दौरान बच्चे की शर्ट तक उतरवा दी गई। यह प्रताड़ना केवल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूल की छात्राओं ने भी शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि उनसे पढ़ाई के बजाय आए दिन स्कूल में झाड़ू लगवाई जाती है और साफ-सफाई के अन्य काम करवाए जाते हैं। इस मामले में कक्षा 6 के छात्र ने बताया कि शिक्षक फजल ने यह कहकर उनसे बाथरूम साफ करवाया कि, अब परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और बाहर के गांवों से भी बच्चे यहां परीक्षा देने आएंगे, इसलिए इसकी सफाई कर दो। वहीं, एक छात्र के अभिभावक ने बताया कि जब वे किसी काम से स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने खुद अपनी आंखों से बच्चों को आधे कपड़ों (बिना शर्ट) में शौचालय साफ करते देखा। इस दृश्य को देखकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

### शिक्षक की सफाई- सिर्फ पत्ते उठाने को कहा था

चारों तरफ से घिरने और वीडियो सामने आने के बावजूद शिक्षक फजल ने आरोपों को सिरे से नकार दिया है। अपने बचाव में उन्होंने कहा कि उन्होंने किसी भी बच्चे से शौचालय साफ नहीं करवाया है। शिक्षक का तर्क है कि उन्होंने बच्चों को केवल स्कूल परिसर में गिरे हुए सूखे पत्ते उठाने के लिए कहा था। वीडियो के वायरल होने और ग्रामीणों के तीखे विरोध के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह गंभीर मामला उनके संज्ञान में आ चुका है।

# टिमरनी की महिला और पुरुष में आर सी सी भोपाल ने बाजी मारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंगोरिया

राज्य स्तरीय महिला_पुरुष स्पर्धा का फाइनल मैच सोमवार की रात खेला गया। बोरेश्वर महादेव दंग वाडा कबड्डी समिति के तत्वावधान में आयोजित महिला कबड्डी प्रतियोगिता में धांसू क्लब टिमरनी की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला 31000/- रुपए नकद राशि। द्वितीय पुरस्कार छिंदवाड़ा की महिला टीम को 21000/- देवास एकेडमी और संस्था वैष्णवी इंदौर दोनों को तीसरा ओर चौथा संयुक्त 11000-11000 रुपए प्रदान किए गए।

इसी तरह पुरुष वर्ग में आर सी सी टीम भोपाल ने 31000रुपए प्राप्त कर प्रथम स्थान पर कब्जा किया। दूसरे स्थान पर डकाच्या कबड्डी दल को 21000 रुपए की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

देवास एकेडमी 11000 और संस्था वैष्णवी इंदौर को भी 11000/- तृतीय और चतुर्थ विजेता का पुरस्कार मिला। आयोजन समिति के घनश्याम



डीडेल ने बताया कि महिला कबड्डी मुकाबले में 24 टीमों ने भाग लिया। पुरुष कबड्डी में 64 प्रतिभागी टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में 3 मैच टाई व एक मैच का गोल्डन रेड में फैसला हुआ। पुरुष कबड्डी मैच में 6 मैच टाई व 2 मैच गोल्डन रेड में फैसला हुआ। पुरुष वर्ग की यह 38 वीं और महिला वर्ग की द्वितीय प्रतियोगिता संपन्न हुई।

## खबर एक नजर...

### पुलिस पेंशनर्स संघ ने उठाई महंगाई राहत की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मन्दसौर।** पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मंदसौर में भी कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश के 35 जिलों में संघ द्वारा दिया गया। प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए मांग की कि केंद्र सरकार की तर्ज पर 3 प्रतिशत महंगाई राहत तत्काल स्वीकृत की जाए। संघ का कहना है कि 8 माह बीत जाने के बाद भी प्रदेश के साढ़े पांच लाख पेंशनर्स को यह लाभ नहीं मिला है। इसके साथ ही पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की भी मांग की गई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर कैबिनेट में निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष आरपी मिश्रा, प्रांतीय सचिव रामरतन दुबे, ब्रजेश दुबे, शिवशंकर सिंह तोमर, नाहर सिंह, राधेश्याम परमार, रहीम बैग, इकबाल बेग, मोहम्मद नूर, हरेंद्रसिंह सेंगर, जगदीश शर्मा, जगदीश शर्मा, नागुलाल सूर्यवंशी, भारतसिंह सिसोदिया, विनोद सिंह भदोरिया, शंभुसिंह चुंडावत, गुमानसिंह हाडा आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू, मई में होगा मकानों का सूचीकरण

**मंदसौर।** भारत की जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए मंदसौर जिले में दो चरणों में कार्य योजना तैयार की गई है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पर नोडल अधिकारी अभिषेक सिंह ठाकुर एवं अशोक चौबे ने बताया कि प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकानों की गणना और सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि घर-घर नंबरिंग का कार्य पूरी सटीकता के साथ किया जाए ताकि द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना व्यवस्थित रहे। त्रुटियों से बचने के लिए प्रगणकों को पहले डेटा कागज पर संकलित करने और फिर पोर्टल पर प्रविष्टि करने की सलाह दी गई है।

### हर्बल गुलाल से महकेगी होली, कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विभाग एवं इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'हर्बल कलर निर्माण' कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रासायनिक रंगों के हानिकारक प्रभावों से बचाना और पर्यावरण अनुकूल होली के लिए प्रेरित करना है। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. प्रेरणा मित्रा ने डेमो के माध्यम से चुकंदर, हल्दी, पलाश और पालक से प्राकृतिक रंग बनाने की विधि सिखाई। कार्यशाला में बताया गया कि स्टार्च पाउडर को आधार बनाकर घर पर ही कम खर्च में सुरक्षित गुलाल तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आगामी होली पर केवल स्वयं निर्मित हर्बल रंगों का उपयोग करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### नियुद्ध खेल के 45वें स्थापना दिवस पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**मंदसौर।** विश्व मुख्यालय नियुद्ध गुरुकुल में नियुद्ध का 45वां स्थापना दिवस और महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया, नियुद्ध संस्था सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद प्रीतम पंचोली, पूर्व पार्षद सुरेश भावसार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नियुद्ध गुरूकुल के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने की। नियुद्धाचार्य डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में नियुद्ध गुरू अजय सिंह चौहान द्वारा नियुद्ध भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया।

# पिकनिक मनाने गए छात्र नहाते समय डैम में डूबे थे, डोंगी पलटने से युवक नदी में डूबा गया

### पलसोड़ी डेम में डूबे स्कूली छात्रों के शव मिले, नदी में डूबा युवक भी मृत मिला




ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले की ग्राम पंचायत पलसोड़ी के श्रीराम डैम में डूबे दोनों स्कूली छात्रों के शव दूसरे दिन मंगलवार सुबह डैम में अलग-अलग स्थानों पर मिले। एसडीआरएफ की टीमों ने दोनों के शव निकाले। शवों को पोस्टमार्टम के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दोपहर में पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंप दिए। उधर, जावरा तहसील के मिंडाजी संगम स्थल स्थित नदी में डूबे युवक का शव भी मंगलवार सुबह एक जगह मिला। उसे भी एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। उसके शव का पोस्टमार्टम जावरा के सरकारी अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम को बाद उसका शव उसके परिजन को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2026 की सुबह करीब 11 बजे अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले समता इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9वीं छात्र 14 वर्षीय ध्रुव बलसोरे पिता आनंद बलसोरे निवासी टाटा नगर व 14 वर्षीय जय उर्फ आशुतोष मंडलोई पिता बसंत मंडलोई निवासी श्रीनगर कॉलोनी अपने साथ पढ़े वाले छह अन्य छात्रों के साथ पिकनिक मनाने बाजना रोड पर स्थित ग्राम पंचायत पलसोड़ी क्षेत्र में पिकनिक मनाने गए थे। पिकनिक मनाने के दौरान दोपहर में वे नहाने के लिए डैम में उतरने थे। तभी संतुलन बिगड़ने से ध्रुव व जय गहरे पानी में जाकर डूब गए थे। यह देखकर उनके अन्य दोस्त घबरा गए तथा रोते हुए वहां से करीब 250 मीटर दूर मुख्य रोड पर पहुंचकर ग्रामीणों व राहगीरों को घटना बताई थी। कुछ देर बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई तथा सूचना मिलने पर छात्रों के परिजन व पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम व नगर को सूचना दी थी। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम के कुछ सदस्य व नगर निगम फायर ब्रिगेड का दल दमकल लेकर मौके पर पहुंचा था। परिजन व अन्य लोग मछली पकड़ने की वहां रखी नाव में सवार होकर छात्रों को तलाशने लगे थे। रात करीब आठ बजे तक एसडीआरएफ की टीम के सदस्यों, परिजनों व ग्रामीणों ने डैम में छात्रों की तलाश की थी लेकिन वे नहीं मिले थे। रात करीब आठ बजे तलाशी अभियान रोक दिया गया था। मंगलवार सुबह एसडीआरएफ की टीम के सदस्य, पुलिसकर्मी व परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे तथा पुनः छात्रों की तलाश प्रारंभ की। पहले एक स्थान पर ध्रुव का शव मिला। उसके करीब एक घंटे बाद अन्य स्थान पर जय का शव दिखाई दिया तो उसे भी बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों के शव मेडिकल कॉलेज भिजवाए गए। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम कराकर शव उनके परिजन को सौंप दिए गए है, जांच की जा रही है।

# नाबालिग रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 4.30 बजे नाबालिग रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने घर में ही दुपट्टे का फंदा बनाया और उस पर झूल गई। उसकी उम्र महज 12 साल 6 महीने थी।

घटना के समय परिजन घर से बाहर थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। चार दिन पहले ही पीड़िता ने जंगल में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

बताया जा रहा है कि घटना के समय दादी घर के बाहर मवेशियों को पानी पिला रही थी। मां नदी पर कपड़े धोने गई थीं और पिता मजदूरी पर थे। जब दादी घर के अंदर आई तो बच्ची को फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद चीख-पुकार मच गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पोस्टमार्टम मंगलवार सुबह किया जाएगा।

### 13 फरवरी को दर्ज कराई गई थी शिकायत

थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि पीड़िता ने 13 फरवरी को अपने परिजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने आरोप लगाया था कि भोजपुरा निवासी रूपचंद उर्फ रूप निनामा (24) जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया था।

### स्कूटी-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**सुसनेर।** किटखेड़ी जोड़ के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में सुल्तान सिंह पिता गंगाराम निवासी लालाखेड़ी तथा स्कूटी सवार अजय पिता चन्द्र सिंह घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# लदूसा नरेश सांवलिया सेठ के भंडार से निकली 9.51 लाख की दान राशि



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

समीपस्थ ग्राम लदूसा स्थित प्रसिद्ध भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठ) के मंदिर का भंडार को फाल्गुन चतुर्दशी के अवसर पर खोला गया। मंदिर समिति के ट्रस्टी पं. महेश व्यास ने बताया कि भंडार से कुल 9 लाख 51 हजार 470 रुपये की नगद राशि प्राप्त हुई है। विशेष बात यह रही कि दानपात्र से अमेरिका, कनाडा, वियतनाम और यूएई सहित कई देशों की करेंसी और चांदी के आभूषण भी निकले हैं।

मंदिर समिति ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर 18 लाख रुपये की लागत से एक भव्य द्वार का निर्माण कार्य जारी है, जिसमें दान की राशि का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आगामी योजना में वास्तु शास्त्र के अनुसार एक भव्य यज्ञशाला का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस दौरान अमावस्या पर हजारों भक्तों ने दर्शन किए और मंदिर समिति द्वारा निशुल्क प्रसादी व पेयजल की व्यवस्था की गई।

### हरियाणा के दो आरोपी से लाखों की अवैध शराब जब्त

**मंदसौर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान के तहत भानपुरा थाना क्षेत्र की भैसोदामंडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 16 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर नीमथूर टोल चौराहे के पास नाकाबंदी कर एक आयशर ट्रक को पकड़ा, जिसमें तिरपाल के नीचे छिपाकर रखी गई।

### माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग सांवेर जिला इंदौर म.प्र.

**आवेदन-पत्र अतंर्गत धारा 372भा. उ. अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक 5 नियम (20) व्यवहार साम्य (MJC. SUC/2-2025)**
**प्रोसेस नंबर 66/6-2-26**
**रेशम बाई आदि---------आवेदकगण**
**विरूद्ध**
**यूकों बैंक शाखा प्रबंधक चन्द्रावतीगंज--------- अनावेदकगण**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 24/03/2026**

प्रेषक
(1) सर्व साधारण पता सर्व साधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रमांक 01 रेशम बाई पति चिंतामन आयु-85 वर्ष व्यवसाय कृषि कमांक 02 गणेश पिता चिंतामन आयु- 58 वर्ष व्यवसाय - कृषि क्रमांक 03 प्रकाश पिता चिंतामन आयु 52 वर्ष व्यवसाय-कृषि क्रमांक 04 रामकला पति जिवनलाल आयु 49 वर्ष व्यवसाय - गृहणी निवासी ग्राम मकोडीया टिगरिया जिला देवास क्रमांक 05 संगीता चौधरी पति चन्द्रहास चौधरी आयु 46 वर्ष व्यावसाय गृहणी निवासी टोंककला जिला देवास म.प्र. की ओर से एक आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उ. अधिनियम के अधिन स्व. श्री चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल आवेदक कमांक 01 पत्नी तथा आवेदक क्रमांक 02 लगायत 05 तक के पिता थे। जो कि यह कृषि कार्य करते थे इनकी मृत्यु दिनांक 25/07/2025 को ग्राम पोटलोद तहसील सावेंर जिला इंदौर में हो चुकी है। इनकी वारिसान आवेदकगण के अलावा कोई विधि वारिस नहीं तथा श्री स्व. श्री चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल अपने जिवन काल में अनोवदक क्रमांक 01 यूकों बैंक शाखा चन्द्रावतीगंज तहसील सावेंर जिला इंदौर में एक बचत खाता क्रमांक 05240100007107 में समय-समय पर राशि जमा की जाती थी। जिनके बचत खातें में 8,90,612/- रुपए जमा है। स्व. चिंतामन पिता मांगीलाल जी पटेल द्वारा अपने जिवन काल में नॉमिनी नहीं किया गया था।

आवेदकगण बताने मृतक स्व. श्री चिंतामान पिता मांगीलाल जी पटेल ग्राम पोटलोद तहसील सावेंर जिला इंदौर म.प्र. की आवेदक क्रमांक 01 शाखा प्रबंधक यूकों बैंक शाखा चन्द्रावतीगंज तहसील सावेंर जिला इंदौर म.प्र. में जमा उक्त राशि सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण- पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधि प्रमाण-पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे सूचना उपरान्त यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय कि जाकर प्रकरण का निराकरण माननीय न्यायालय के द्वारा किया जावेगा। दिनांक 04/02/2026

**(डॉ. संगीता पी. बर्वे)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खड**
**सांवेर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**



## माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ की धमाकेदार वापसी

### कपिल शर्मा शो में देवदास डायलॉग से छाए सितारे

बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे माधुरी दीक्षित और जैकी श्राफ एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। दोनों कलाकार कॉमेडी शो  द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आगामी एपिसोड में शिरकत करेंगे। शो के लीक हुए प्रोमो ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है, जिसमें दोनों की शानदार केमिस्ट्री और मस्तीभरे अंदाज ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है।

सामने आए वीडियो में माधुरी और जैकी ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करते दिख रहे हैं। माधुरी जहां ब्लैक और रेड ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं जैकी श्रॉफ ऑल-ब्लैक लुक और हैट में अपने खास अंदाज में नजर आए। दोनों ने मंच पर क्लासिक गीत अरे यार मेरी तुम भी हो गजब पर डांस किया, जो 1965 की फिल्म तीन देवियां का लोकप्रिय गाना है। पुराने दौर की इस धुन पर दोनों की तालमेल भरी प्रस्तुति ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रोमो का सबसे चर्चित पल तब आया जब माधुरी ने फिल्म देवदास का अपना मशहूर संवाद जैकी श्रॉफ को सुनाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, यूँ नजर की बात की और दिल चुरा गए हम तो समझे थे बूट, आप तो धड़कन सुना गए। इस संवाद के बाद जैकी के चेहरे पर आई झिझक और मुस्कान ने माहौल को और भी हल्का-फुल्का बना दिया। शो के होस्ट कपिल शर्मा ने मजाक में जैकी से पूछा कि उनका ब्लड प्रेशर ठीक है या नहीं, जिस पर जैकी ने हंसते हुए जवाब दिया कि वह डॉक्टर नेने को ढूंढ रहे हैं, इशारा करते हुए माधुरी के पति डॉ. श्रीराम नेने की ओर।

### मुंबई मेट्रो पिलर हादसे पर भड़के सेलेब्स

## उस इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करते हैं, जो जान लेता है : दीया मिर्जा




मुंबई के मुलुंड इलाके में निर्माणाधीन मेट्रोल लाइन के पिलर के स्लैब के गिरने से बड़ा हादसा हो गया। स्लैब ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिरा, जिससे एक शख्स की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। हादसे की खबर मिलने के बाद कई सेलेब्स भड़क गए हैं और प्रशासन को इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

दीया मिर्जा ने हादसे पर भड़कते हुए आधिकारिक (पहले ट्विटर) पर लिखा है, आप किस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट करते हैं? क्या वह, जो लोगों को मारता है, दम घोंटता है और स्वास्थ्य व जीवन को नष्ट करता है? या वह, जो जीवन की परवाह करता है और उसे महत्व देता है?

स्टैंडअप कॉमेडियन और राइटर वरुण ग्रोवर ने भी हादसे की कड़ी निंदा की है। उन्होंने हादसे का वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, मुंबई भारत का सबसे भ्रष्ट शहर है, शायद बहुत बड़े अंतर से। भारत की आर्थिक राजधानी होने के बावजूद, यहां की सड़कें सबसे खराब हैं (पिछले 2 सालों में मैंने लगभग हर भारतीय राज्य के गांवों की सड़कें देखी हैं और वे इससे बेहतर हैं), शहरी योजना बेहद खराब है, और मानव जीवन के प्रति पूरी तरह से लापरवाही दिखाई देती है। सिंगर राहुल वैद्य ने इस घटना पर इंस्टाग्राम से लिखा है, जब भी मैं किसी मेट्रो ब्रिज के नीचे से गुजरता हूं, तो मुझे हमेशा डर लगता है, यकीन मानिए। मुझे हमेशा इसी बात का डर रहता है।

**हादसे में 1 मृत, 3 घायल-** घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एल.बी.एस. रोड, जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के पास की है। उस रोड में भारी ट्राफिक था कि तभी पिलर का स्लैब रोड पर आ गिरा। एक स्कॉडा कार और ऑटो इसकी चपेट में आ गया। हादसे में रामधन यादव नाम के शख्स का निधन हो गया, जबकि राजकुमार इंद्रजीत यादव, महेंद्र प्रताप यादव, दीपा रुहिया घायल हो गए। घायलों में राजकुमार इंद्रजीत की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने बयान जारी किया। अथॉरिटी ने बयान में कहा कि बीएमसी और डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटीज के साथ मिलकर राहत कार्य और साइट को सुरक्षित करने का काम चल रहा है।



## ओ रोमियो ने दो दिनों में कमाए 23.51 करोड़

### वीकेंड का फायदा मिला

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो ने दो दिनों में 23.51 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने 9 करोड़ रुपए का ओपनिंग कलेक्शन किया था, जिसके बाद अब फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेबसाइड सैकनिल्क के मुताबिक, 13 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म ओ रोमियो ने 9 करोड़ का कलेक्शन किया था, जिसके बाद शनिवार को फिल्म ने 14.50 करोड़ के लगभग कमाई की है। इसी के साथ फिल्म ने कुल 23.51 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर लिया है।

**वीकेंड का मिला फायदा, 45 पर्सेंट की उलाछ मिली-** ओपनिंग डे के मुकाबले फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में 45 प्रतिशत का उछाल देखने मिला है। फिल्म देशभर में 4700 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म की ऑक्यूपेंसी लगभग 19.3 प्रतिशत है। अनुमान है कि शनिवार की ही तरह रविवार को भी फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

**मर्दानी 3 ने 16वें दिन कमाए 1.65 करोड़-** ओ रोमियो के साथ ही रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 भी सिनेमाघरों में है। 30 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 43.15 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म से पहले 23 जनवरी को सनी देओल की मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज हुई थी। बॉर्डर ने बॉक्स ऑफिस में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रिलीज के 23वें दिन यानी इस शनिवार 1.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल इंडियन कलेक्शन 382 करोड़ रुपए हुए है, जबकि वर्ल्डवाइड फिल्म ने 438 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म ओ रोमियो को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है, जिसमें तृप्ति डिमरी, शाहिद कपूर, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर अहम किरदारों में हैं। ये शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की साथ में चौथी फिल्म है, इससे पहले दोनों फिल्म कमीने, रंगून और हैदर में साथ काम कर चुके हैं।

### जिस राजपाल यादव के घर लंगर के खाने की तरह खाते थे

## दोस्त की मुसीबत में कहां गायब नवाजुद्दीन सिद्दीकी!

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल में सरेंडर करने के बाद से सजा काट रहे हैं। मामले में अब तक कई सेलेब्स आगे आकर उनकी मदद कर रहे हैं, लेकिन उनके सबसे खास दोस्त नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अब तक रिएक्ट नहीं किया है जिन्होंने कभी उनके घर में खाने की बात कही थी। जिस राजपाल यादव के घर लंगर के खाने की तरह खाते थे नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आज दोस्त की मुसीबत में कहां गायब!

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल में सरेंडर करने के बाद से सजा काट रहे हैं। मामले में अब तक कई सेलेब्स आगे आकर उनकी मदद कर रहे हैं, लेकिन उनके सबसे खास दोस्त नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अब तक रिएक्ट नहीं किया है जिन्होंने कभी उनके घर में खाने की बात कही थी।

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव अपनी 2012 की फिल्म 'अता पता लापता' से जुड़े चेक बाउंस मामले में सरेंडर करने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। मामला फिल्म के लिए लिए गए 5 करोड़ रुपये के कर्ज, कुछ बाउंस हुए चेक और उसके बाद की चीजों से संबंधित है। बार-बार देरी और समय सीमा चूकने के बाद, अदालत ने उनकी अंतिम याचिका खारिज कर दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। आत्मसमर्पण करने से पहले, एक्टर ने कथित तौर पर कहा कि उनके पास न तो पैसे हैं और न ही कोई दोस्त जो उनकी आर्थिक स्थिति में मदद कर सके। अब, इसी बात से जोड़कर एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने पुराने दिनों को याद किया था और राजपाल यादव के बारे में बात की थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा था, 'पूरी इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा एकेडमिक एजुकेशनल अगर किसी के पास है तो राजपाल और मेरे पास हैं, 5 साल सिर्फ एक्टिंग की ट्रेनिंग ली है हम दोनों ने, तो मुझे लगता है कि सबसे ज्यादा एजुकेटेड एक्टर हम ही दोनों हैं जो देखने से नहीं लगेगा आपको।'

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी का दोस्ती पर बयान-** जब से नवाज का एक बयान वायरल हुआ है, सोशल मीडिया यूजर्स फिल्म इंडस्ट्री की दोस्ती और वास्तविक रिश्तों पर सवाल उठाते नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी का ये पुराना इंटरव्यू सोशल मीडिया यूजर्स की नजरों में आया, जिसमें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के एक्टर राजपाल यादव के मुंबई स्थित घर पर अपने संघर्ष के दौरान खाने, रहने और एक्टर के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। इससे न केवल सोशल मीडिया यूजर्स नाराज हुए, बल्कि उन्होंने इस कठिन समय में नवाजुद्दीन की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।



- **लोगों ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी से पूछा सवाल-** कई  यूजर्स ने राजपाल यादव के चेक बाउंस मामले पर नवाजुद्दीन की प्रतिक्रिया न देने पर सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा, 'राजपाल का सबसे अच्छा दोस्त नवाजुद्दीन सिद्दीकी कहां है? क्या वह अपने दोस्त की मदद करने की कोशिश भी नहीं कर रहा?' एक  पोस्ट में लिखा था, 'क्या लोग वाकई मुश्किल समय में मदद करने वालों का एहसान नहीं चुकाते? नवाजुद्दीन सिद्दीकी'।
- **राजपाल यादव के बारे में क्या बोले नवाजुद्दीन सिद्दीकी-** उन्होंने आगे कहा, 'जब राजपाल का काम चल रहा था बहुत लोग उसके घर पर खाना खाते थे और कभी भी उफ्फ नहीं किया उस आदमी ने, हमेशा दिया। जब हम स्ट्रगल कर रहे थे मैं क्या बहुत सारे एक्टर जब स्ट्रगल कर रहे थे तो राजपाल का जो घर था एक लंगर की तरह था। कोई भी आकर खा सकता था। ऐसा था, बहुत ही कमाल का इंसान है वो। सेंसेटिव बहुत है वो।'

### राजपाल यादव ने कहा- कोई दोस्त नहीं

तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने से कुछ वक्त पहले, राजपाल यादव ने कथित तौर पर एक भावुक बयान दिया, जो उन पर पड़े भावनात्मक और आर्थिक बोझ को दिखाता है। न्यूज एक्स के अनुसार, एक्टर ने कहा, 'सर, क्या करूं? मेरे पास पैसे नहीं हैं। और कोई उपाय नहीं दिखता... सर, यहां हम सब अकेले हैं। कोई दोस्त नहीं है। मुझे इस संकट से खुद ही निपटना होगा।'

### क्या है पूरा मामला?

बता दें कि यह कानूनी लड़ाई 2010 से शुरू हुई थी, जब राजपाल यादव ने अपनी फिल्म 'अता पता लापता' के लिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई, जिससे राजपाल यादव को भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा और कर्ज नहीं चुका पाए। लंबे समय तक कोर्ट में चल रहे मामले में कोर्ट ने आदेश दिया कि राजपाल यादव आत्मसमर्पण कर दें और एक्टर को अंत में सरेंडर करना पड़ा।

### सुपर-8 की 7 टीमें तय: नंबर-8 का फैसला आज

# नामीबिया जीता तो पाकिस्तान बाहर हो जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की 7 टीमें तय हो चुकी हैं। आखिरी टीम का फैसला बुधवार को पाकिस्तान-नामीबिया मैच से होगा। अगर पाकिस्तान जीता तो टीम सुपर-8 के ग्रुप-2 में पहुंचेगा। अगर नामीबिया जीत गया तो अमेरिका ग्रुप-2 में पहुंच जाएगा।

टीम इंडिया ग्रुप-1 में रहेगी। जहां उसका सामना साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से होगा। ग्रुप-1 में पहले ऑस्ट्रेलिया के आने की उम्मीद थी, लेकिन टीम लीग स्टेज से ही बाहर हो गई है। उसकी जगह ग्रुप-बी में से जिम्बाब्वे ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में क्वालीफाई किया है।

पाकिस्तान बाहर होगा या नहीं? फैसला आज सुपर-8 की आखिरी टीम आज के मैच से तय होगी। ग्रुप-ए में टीम इंडिया 6 पॉइंट्स के साथ क्वालिफाई कर चुकी है। दोपहर 3 बजे से पाकिस्तान और नामीबिया का मैच होगा। अगर पाकिस्तान जीत गया तो टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी, लेकिन नामीबिया जीत गया तो 4 पॉइंट्स वाली अमेरिका क्वालिफाई कर जाएगी।

21 फरवरी से शुरू होगा सेकेंड राउंड 7 फरवरी से शुरू हुए टूर्नामेंट में 20 फरवरी तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जाएंगे। 21 फरवरी से सुपर-8 स्टेज शुरू होगा। पहले दिन न्यूजीलैंड के सामने पाकिस्तान या अमेरिका का मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के अलावा इंग्लैंड और श्रीलंका ने भी क्वालिफाई कर लिया है।

भारत का पहला मैच साउथ अफ्रीका से सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा। टीम इंडिया 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से पहला मैच खेलेगी। टीम फिर 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज से होगा।

सुपर-8 में 12 मैच होंगे सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी।

4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

ग्रुप स्टेज में 10 टीमें बाहर टूर्नामेंट में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया था। ग्रुप-ए से टीम इंडिया ने क्वालिफाई कर लिया, वहीं नामीबिया 3 मैच हारकर बाहर हो गई। पाकिस्तान, अमेरिका और नीदरलैंड में आखिरी टीम का फैसला होगा।

ग्रुप-बी में श्रीलंका और जिम्बाब्वे ने क्वालिफाई किया। ग्रुप-सी से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज अगले राउंड में पहुंचीं। वहीं ग्रुप-डी से न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में एंट्री की। ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल, अफगानिस्तान, वअए और कनाडा ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गईं।

भारत ने लगातार 3 मैच जीते टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में लगातार 3 मैच जीते। टीम ने पहले मुकाबले में अमेरिका को 29 रन से हराया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिफ्टी लगाई। भारत ने दूसरे मैच में नामीबिया को 93 रन से हराया, यहां हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी लगाने के साथ 2 विकेट लिए। टीम ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। यहां प्लेयर ऑफ द मैच ईशान किशन ने 77 रन की पारी खेली।

## ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर-8 में



### जिम्बाब्वे-आयरलैंड मैच बारिश से रद्द कंगारू दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर

ब्रह्मास्त्र ›› कैंडी

2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है।

एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी। मैच का स्कोरबोर्ड इस वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ मौजूदा वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक 8 मैच रद्द हुए हैं। 2016 के एडीशन में 2 मैच रद्द हुए थे। 2007, 2010, 2012, 2022 और 2024 में भी एक-एक मैच रद्द हुए।

**ऑस्ट्रेलिया बाहर कैसे हुआ?** ग्रुप बी में श्रीलंका 6 पॉइंट्स और जिम्बाब्वे 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 में पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया अब आखिरी मैच जीतकर भी 4 पॉइंट्स तक ही पहुंच सकेगा। एक ग्रुप से 2 ही टीमें अगले राउंड में जा सकती है, इसलिए ऑस्ट्रेलिया बाहर हो गया।

# रणजी ट्रॉफी में बंगाल 99 रन पर ऑलआउट

ब्रह्मास्त्र ›› जम्मू

रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मंगलवार को तीसरे दिन का खेल खत्म हुआ। जम्मू-कश्मीर पहली बार फाइनल खेलने से 83 रन दूर है। पहली पारी में 26 रन से पिछड़ने के बाद जम्मू-कश्मीर ने बंगाल की दूसरी पारी को 99 रन पर समेट दिया। अब मैच जीतने के लिए उसे चौथी पारी में 126 रन बनाने हैं। दिन खेल खत्म होने तक उसने 2 विकेट खोकर 43 रन बना लिए हैं। यानी महज 83 रन की और जरूरत है।

इससे पहले मोहम्मद शमी ने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 90 रन देकर 8 विकेट लिए। उनकी घातक गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने जम्मू-कश्मीर को 302 रन पर ऑलआउट कर 26 रनों की बढ़त बनाई। लेकिन फिर जम्मू-कश्मीर की पेस तिकड़ी ने पलटवार किया और बंगाल की टीम 99 रन पर ढेर हो गई। 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी डार और सुनील कुमार ने 4-4 विकेट लिए। वहीं युद्धवीर सिंह चरक ने 2 विकेट झटके। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल में कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने डबल सेंचुरी लगाई।





**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं.– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### नाभा पावर का

# अधिग्रहण करेगी टोरेंट पावर




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टोरेंट पावर ने एलएंडटी पावर डेवलमेंट लिमिटेड से नाभा पावर में 100% हिस्सेदारी 6,889 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर खरीदने का समझौता किया है। इस डील के बाद कंपनी की कुल ऑपरेशनल क्षमता 5जीडब्ल्यू से बढ़कर 6.4 जीडब्ल्यू हो जाएगी।

टोरेंट पावर ने लार्सन एंड टुब्रो की इकाई से नाभा पावर के अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी के बयान के अनुसार यह सौदा 6,889 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, यह सौदा जरूरी नियामकीय मंजूरियों और सामान्य क्लोजिंग शर्तों के अधीन रहेगा। नाभा पावर लिमिटेड (एनपीएल) एल एंड टी पावर डेवलपमेंट लिमिटेड (एल एंड टीपीडीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो स्वयं इंफ्रास्ट्रक्चर दिग्गज एल एंड टी की सब्सिडियरी है।

**टोरेंट पावर की परिचालन क्षमता बढ़ेगी–** इस अधिग्रहण के पूरा होने के बाद टोरेंट पावर की परिचालन क्षमता 5 गीगावॉट से बढ़कर 6.4 गीगावॉट हो जाएगी। टोरेंट ग्रुप के चेयरमैन समीर मेहता ने कहा कि एनपीएल कंपनी के पोर्टफोलियो में एक स्थापित ऑपरेटिंग एसेट जोड़ेगी, जो पूरी तरह अनुबंधित कैश फ्लो और मजबूत ऑपरेशनल ट्रैक रिकॉर्ड से समर्थित है। उन्होंने कहा कि यह अधिग्रहण पहले दिन से ही राजस्व और मुनाफे में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करेगा। वहीं, एनएंडटी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने कहा कि एनपीएल की बिक्री कंपनी की मुख्य व्यवसायों को मजबूत करने और वैल्यू अनलॉक करने की रणनीति के अनुरूप है, जिससे दीर्घकालिक हितधारकों के लिए मूल्य सृजन होगा।

### एआई इंपैक्ट समिटः शुभारंभ से पहले बोले पीएम मोदी- दुनिया देखेगी हमारा सामर्थ्य

# विज्ञान-तकनीक में तरक्की कर रहा भारत



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पीएम मोदी ने एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट के शुभारंभ से पहले कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप इकोसिस्टम और शोध के दम पर भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति कर रहा है। आइए विस्तार से जानते हैं। राजधानी दिल्ली में आज मेगा एआई इंडिया इम्पैक्ट समिट की शुरूआत हो रही है, जिसमें दुनिया भर के प्रमुख टेक लीडर्स और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इस बड़े आयोजन के तहत बाद में 'एआई इंडिया एक्सपो' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

**भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा–** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि दुनिया भर से लोगों का इस समिट में आना भारत के लिए गर्व की बात है और यह देश के युवाओं की क्षमता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह अवसर इस बात का प्रमाण है कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि इंडिया एआई इंपेक्ट समीट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे देश के युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास।

**देश आज एआई परिवर्तन के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है–** पीएम ने आगे कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की सामूहिक शक्ति के कारण देश आज एआई परिवर्तन के अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक शोध को भारत की एआई प्रगति की प्रमुख ताकत बताया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत की तेज प्रगति केवल महत्वाकांक्षा ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी को भी दशार्ती है। कार्यक्रम में 300 से अधिक क्यूरेटेड प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव डेमो का आयोजन 'पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस' थीम पर किया जाएगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में एआई के व्यापक प्रभाव को दिखाया जाएगा। इसमें 600 से अधिक हाई-पोटेंशियल स्टार्टअप्स भी हिस्सा ले रहे हैं, जो जनसंख्या स्तर पर लागू किए जा सकने वाले एआई समाधानों पर काम कर रहे हैं।

### एआई इम्पैक्ट समिट क्यों है खास?

- 16 से 20 फरवरी तक चलने वाला एआई इंडिया इम्पैक्ट एक्सपो समिट के साथ आयोजित किया जा रहा है और इसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोगों के राष्ट्रीय प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। करीब 70,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस एक्सपो के 10 एरीना में वैश्विक टेक कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान, शोध संगठन, केंद्रीय मंत्रालय, राज्य सरकारें और अंतरराष्ट्रीय साझेदार भाग लेंगे।
- इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन भी लगाए गए हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीकी देशों की भागीदारी शामिल है, जो एआई इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### चांदी 5000 टूटी, सोना भी पस्त

# वैश्विक संकेतों और चीन में छुट्टियों से सराफा बाजार बेदम

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वैश्विक बाजार से मिले संकेतों और चीन में छुट्टियों के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना प्रति 10 ग्राम 2,200 रुपये टूट गया वहीं एक किलोग्राम चांदी 5,000 रुपये कमजोर पड़ गई। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत और फेड की ओर से रेट कट की उम्मीदों का बाजार पर असर दिखा।

कमजोर वैश्विक संकेतों और सुस्त मांग के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में मंगलवार को कीमती धातुओं की चमक फीकी पड़ गई। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसमें चांदी 2 प्रतिशत तक लुढ़क गई। विश्लेषकों के अनुसार, एशियाई बाजारों में छुट्टियों के कारण कम तरलता और भू-राजनीतिक घटनाओं से पहले निवेशकों की सतर्कता ने बाजार को प्रभावित किया है।

**घरेलू बाजार में कीमतों का हाल-** ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को चांदी की कीमत 5,000 रुपये यानी 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पहले सोमवार को यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। सोने की कीमतों में भी भारी दबाव देखा गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,200 रुपये (1.4 प्रतिशत) गिरकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो पिछले सत्र में 1,59,200 रुपये पर बंद हुआ था।

**चीन में छुट्टियां और वैश्विक दबाव बना कारण-** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस गिरावट का एक मुख्य कारण चीन में 'लूनर न्यू ईयर' की छुट्टियां हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि चीन, जो सोने का एक प्रमुख उपभोक्ता है, वहां छुट्टियों की वजह से भागीदारी नदारद रही। इससे खरीदारी की दिलचस्पी कम हुई और कीमतों पर बिकवाली का दबाव बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 5,000 डॉलर के स्तर को बनाए रखने में विफल रहा और 1.04 प्रतिशत गिरकर 4,938.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 2.15 प्रतिशत गिरकर 74.96 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

### पिछले साल जुलाई में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता

# अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



पिछले साल जुलाई में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 में लागू होने की संभावना है। हालांकि इस समझौते पर ब्रिटिश संसद की मुहर लगना अभी बाकी है।

भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले वर्ष जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष इस समझौते को इसी वर्ष अप्रैल से प्रभावी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 24 जुलाई 2025 को हुए इस समझौते के तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात उत्पाद ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पर प्रवेश कर सकेंगे। वहीं भारत में कार और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर आयात शुल्क घटाया जाएगा।

**समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी–** अधिकारी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे अस्थायी कर्मचारियों को किसी भी देश में सामाजिक अंशदान दोबारा नहीं देना पड़ेगा। संभावना है कि दोनों समझौते एक साथ लागू किए जाएं। समझौते के अमल में आने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी जरूरी है। भारत में ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौतों को केंद्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलती है। ब्रिटिश संसद की मंजूरी के बाद आपसी सहमति से लागू होने की तारीख तय की जाएगी। ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में इस सप्ताह की शुरूआत में भारत-ब्रिटेन सीईटीए पर चर्चा हुई। व्यापार एवं उद्योग विभाग में राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट ने लेबर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि यह समझौता बड़ी उपलब्धि है और इससे ब्रिटेन के कारोबार के लिए भारत के बाजार के दरवाजे पहले से कहीं अधिक खुलेंगे। संसदीय प्रक्रिया के तहत समझौते पर दोनों सदनों- हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में बहस होगी तथा संबंधित समितियां इसके सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगी। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक दुनिया की पाँचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं भारत और ब्रिटेन के बीच 56 अरब डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### भारत में आएंगे ये ब्रिटिश उत्पाद

- समझौते के तहत भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और प्रसाधन सामग्री जैसे उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोला है, जबकि भारत को वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, खेल सामग्री और खिलौनों जैसे निर्यात उत्पादों के लिए ब्रिटेन में अधिक पहुँच मिलेगी।
- स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क तुरंत 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे घटाकर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत पाँच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत तक लाएगा। इसके बदले भारतीय वाहन निमार्ताओं को निर्धारित कोटा व्यवस्था के तहत विद्युत और हाइब्रिड वाहनों के लिए ब्रिटेन के बाजार में प्रवेश मिलेगा।

### जनवरी में बढ़ी थोक मूल्य मुद्रास्फीति

# दिसंबर में 0.83 फीसदी थी, अब 1.81% पर पहुंची

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2026 में थोक महंगाई दर लगातार तीसरे महीने बढ़कर 1.81% हो गई, जो दिसंबर में 0.83% थी। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से खाद्य, गैर-खाद्य और विनिर्मित वस्तुओं, खासकर बेसिक मेटल और टेक्सटाइल की कीमतों में तेजी के कारण हुई।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर में लगातार तीसरे महीने में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जनवरी 2026 में यह 1.81 प्रतिशत रही। यह वृद्धि खाद्य वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में महीने-दर-महीने आई तेजी के कारण हुई। पिछले वर्ष जनवरी में डब्ल्यूपीआई महंगाई 2.51 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर 2025 में यह 0.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

उद्योग मंत्रालय के बयान के मुताबिक जनवरी 2026 में सकारात्मक महंगाई दर का मुख्य कारण बेसिक मेटल, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और वस्त्रों की कीमतों में बढ़ोतरी रहा।

विश्व खाद्य प्रौद्योगिकी आयोग (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति 1.55 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर में यह 0.43 प्रतिशत थी।

सब्जियों के मामले में, जनवरी में मुद्रास्फीति 6.78 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर में यह 3.50 प्रतिशत थी।

विनिर्मित उत्पादों के मामले में, विश्व उत्पाद सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति दिसंबर में 1.82 प्रतिशत के मुकाबले मामूली रूप से बढ़कर 2.86 प्रतिशत हो गई। गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 7.58 प्रतिशत हो गई, जबकि दिसंबर में यह 2.95 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली क्षेत्रों में नकारात्मक मुद्रास्फीति, या अपस्फीति, जनवरी में 4.01 प्रतिशत पर जारी रही, जबकि दिसंबर में यह 2.31 प्रतिशत थी।

## असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भाजपा जॉइन करेंगे:22 फरवरी को सदस्यता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के भाजपा जॉइन करने की अटकलों पर आखिरकार मुहर लग गई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार शाम बोरा के घर जाकर उनसे मुलाकात की। इसके बाद उट ने बोरा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि वे 22 फरवरी को पार्टी की सदस्यता लेंगे।

बोरा ने एक दिन पहले कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। उन्होंने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। बोरा ने अपने इस्तीफे में लिखा था कि उन्हें पार्टी नेतृत्व की ओर से नजरअंदाज किया जा रहा है। हालांकि, उनके इस्तीफे को लेकर आज पूरे दिन असमंजस की स्थिति रही। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने कल कहा था कि बोरा ने इस्तीफा वापस ले लिया है। जितेंद्र सिंह ने कहा था कि राहुल गांधी ने बोरा से 15 मिनट बात की है।

भूपेन बोरा ने कहा था कि वे इस्तीफे पर मंगलवार को अंतिम निर्णय लेंगे। बोरा ने कहा- 32 साल बाद मैंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया है। अब समय लेकर सोचने की आवश्यकता है। कई वरिष्ठ नेताओं और साथी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुझसे सभी पहलुओं पर विचार करने को कहा है।

### हिमंता बोले- बोरा की तरह मैंने भी दर्द सहा

हिमंता ने बोरा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा में शामिल होने से भोरा सच्ची छवि बनेगी। भूपेन बोरा के साथ गुवाहाटी और उत्तरी लखीमपुर में कांग्रेस के कई नेता 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे।

हिमंता ने कहा- कांग्रेस अब असमिया लोगों की पार्टी नहीं रही। पार्टी चुनाव जीतने के लिए संघर्ष नहीं कर रही है। कोई भी सच्चा कांग्रेसी इस बात से दुखी होगा। मैंने भी यही दर्द सहा है। जब मैं भाजपा में शामिल होने गया था, तब मुझे भी ऐसे फोन आते थे। ये लोग सामंतों की तरह जीते हैं। उन्हें लगता है कि एक फोन करने से फैसला बदल जाएगा।

असम CM ने आगे कहा- भूपेन बोरा को भाजपा में पूरा सम्मान और गरिमा दी जाएगी। भाजपा में शामिल होना उनके लिए घर वापसी जैसा होगा क्योंकि यह एक ऐसी पार्टी है जिसमें उनके जैसे कई लोग हैं, जिनके पिता किसी उच्च पद पर नहीं रहे।

### गौरव गोगोई ने बोरा को मनाने की कोशिश की थी

बोरा को मनाने के लिए पूर्व असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई, सांसद प्रद्युत बोरदोलोई और नेता विपक्ष देबाब्रत सैकिया सोमवार को उनके निवास पहुंचे थे। गौरव गोगोई ने उनसे माफी तक मांगी थी।

गौरव गोगोई ने बोरा से मुलाकात के बाद कहा कि भूपेन पार्टी के लिए एक मजबूत स्तंभ हैं। हमेशा राज्य में नकारात्मक ताकतों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। अगर उन्हें किसी मुद्दे से आघात पहुंचा हो, तो मैं छोटे भाई के रूप में उनसे माफी मांगता हूं।

### 32 साल से कांग्रेस से जुड़े थे बोरा, दो बार विधायक रहे

असम में 126 विधानसभा सीटों पर मार्च-अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है। भूपेन बोरा राज्य में कांग्रेस के बड़े नेता थे। वे 32 साल से कांग्रेस से जुड़े थे। वे 2021 से 2025 तक

# अजित पवार विमान क्रैश-AAIB का दावा, ब्लैक बॉक्स खाक हुआ

## रोहित पवार बोले-ये धमाकों से सुरक्षित रह सकता है राजनीति से नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत के मामले में एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने कहा है कि क्रैश विमान के दोनों फ्लाइट रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) आग में खाक हो गए थे। एजेंसी के मुताबिक एक रिकॉर्डर का डेटा डाउनलोड हो चुका है। ब्लैक बॉक्स बनाने वाले देश अमेरिका से सहायता मांगी है। ब्लैक बॉक्स जलने के दावे ने महाराष्ट्र की सियासत में भूचाल ला दिया है।

NCP(शरद) के विधायक और अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने कहा कि ब्लैक बॉक्स भीषण आग और धमाकों से सुरक्षित रह सकता है, लेकिन महाराष्ट्र की राजनीति से नहीं।

पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को ठउढ नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था। इस हादसे में उपमुख्यमंत्री सहित 5 लोगों की मौत हुई थी। 2 फरवरी को रोहित पवार ने आरोप लगाया था कि उनके चाचा की मौत में साजिश हुई है। मामले की एक्सपर्ट




एजेंसियां जांच करें।

28 जनवरी की सुबह VSR वेंचर्स कंपनी का लेयरजेट 45 प्लेन बारामती में क्रैश हुआ था। घटना में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हुई थी। एक्सपर्ट्स बोले- ब्लैक बॉक्स खाक होना नामुमकिन

एक्सपर्ट्स के मुताबिक ब्लैक बॉक्स 1100° डिग्री में 1 घंटे, 260° डिग्री 10 घंटे तक झेल सकता है। बारामती में विमान जमीन से कुछ फीट ऊंचाई पर था। आग सीमित थी। बॉक्स का पूरी तरह से जल जाना असंभव है।

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और NCP नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की CBI जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, NCP नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

## DGCA बोला- CVR की तकनीकी जांच जारी

केंद्र के नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि बारामती प्लेन क्रैश की जांच अअक्ह को सौंपी गई है। मंत्रालय ने कहा- हादसे की जांच दुर्घटना और घटना जांच नियम, 2017 और क्ळअड अल्लल्ली७-13 के इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के तहत की जा रही है।

DGCA ने बताया प्लेन में दो फ्लाइट रिकॉर्डर लगे थे, जो हादसे के दौरान लंबे समय तक आग और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहे। डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से सफलतापूर्वक डेटा डाउनलोड कर लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (CVR) की तकनीकी जांच अभी जारी है। डेटा निकालने में मदद के लिए उस देश के विशेषज्ञों की भी सहायता ली जा रही है, जहां यह उपकरण बनाया गया था। वहीं, AAIB ने कहा कि जांच पूरी तरह तकनीकी और प्रक्रियागत नियमों के अनुसार की जा रही है, ताकि निष्पक्ष और सबूत आधारित निष्कर्ष निकाला जा सके। ब्यूरो ने अपील की है कि जांच पूरी होने तक सभी लोग अटकलों से बचे रहें।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-अपराधी की सजा घटाकर मुआवजा बढ़ाना खतरनाक ट्रेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर अपराधों में किसी की सजा घटाकर मुआवजा बढ़ाने को खतरनाक ट्रेंड बताया। मदुरै हाइकोर्ट के एक फैसले पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि इससे समाज में गलत संदेश जाता है कि आरोपी सिर्फ पैसा देकर अपनी जिम्मेदारी से बच सकते हैं।

जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि सजा का उद्देश्य अपराध के प्रति डर पैदा करना है, ताकि भविष्य में अपराध रोके जा सकें। सजा न तो अत्यधिक कठोर होनी चाहिए और न इतनी नरम कि उसका भय खत्म हो जाए। दरअसल, सुप्रीण कोर्ट मद्रास हाइकोर्च की मदुरै बेंच के एक फैसले के खिलाफ दायर हुई याचिका पर सुनवाई कर रहा था। हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में दो आरोपियों को ट्रायल कोर्ट से मिली तीन साल की सजा घटाकर 5-5 हजार रुपए के मुआवजे को बढ़ाकर 50-50 हजार रुपए कर दिया था। शीर्ष अदलात ने ये फैसला रद्द कर दिया। पीठ ने स्पष्ट किया कि पीड़ित को मुआवजा देना महत्वपूर्ण है, लेकिन यह सजा का विकल्प नहीं हो सकता। भारतीय न्याय प्रणाली बदले पर नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्स्थापन के सिद्धांत पर आधारित है।

## मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत पंजाब, हरियाणा में बारिश का अलर्ट, हिमाचल, और जम्मू-कश्मीर में आज से बर्फबारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर और मध्य भारत पर अगले 36 घंटों में लो-लैटिट्यूड वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर होगा। इसके कारण आज हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश में तेज बारिश और आंधी-तूफान का अलर्ट है। वहीं उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

मध्य प्रदेश के 15 जिलों और राजस्थान के 25 जिलों में बारिश का अलर्ट है। यहां गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। राजस्थान के 5 जिलों में भी मंगलवार को बारिश हुई। वहीं नागौर में बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बुधवार से बर्फबारी और बारिश की चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड के 5 जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बर्फबारी हो सकती है। उत्तर प्रदेश, एमपी, छत्तीसगढ़ समेत मध्य और दक्षिण भारत के कई राज्यों में दिन का तापमान चढ़कर 30 डिग्री के पार पहुंच गया है। हिमाचल प्रदेश में भी दिन में सामान्य से ज्यादा गर्मी महसूस की जा रही है।

# ओडिशा के कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में जा सकेंगे श्रद्धालु: 122 साल से भरी हुई रेत हटा रहे एक्सपर्ट्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा में स्थित 13वीं शताब्दी के कोणार्क मंदिर के गर्भगृह में अब श्रद्धालु जा सकेंगे। अभी इसमें रेत भरी हुई है जिसे हटाने का काम जारी है। मंदिर के पीछे 15 फीट उंची दीवार है। इसे गिरने से बचाने के लिए अंग्रेजों ने 1903-04 में मंदिर के गर्भगृह में हजारों टन रेत भरवा दी थी।

एक सदी से ज्यादा वक्त बीत चुका है, लेकिन आज तक मंदिर के गर्भगृह(जगमोहन हॉल) में कोई नहीं जा सका। भारतीय पुरातत्व विभाग और आईआईटी मद्रास के एक्सपर्ट्स की 30 लोगों की टीम को इसे हटाने का टास्क दिया गया है।

अरक पुरी सर्किल के सुपरीटेंडेंट डीबी गढ़नायक ने बताया कि पूरी तरह रेत निकालने में



3 महीने लगेंगे। सबकुछ ठीक रहा तो एक साल बाद श्रद्धालु पहली बार इस ऐतिहासिक मं?दिर के गर्भगृह में जा सकेंगे।


अंदर दीवारों का क्या हाल है? गर्भगृह का ढांचा कैसा है? यही जानने के लिए 127 फीट ऊंचे इस मंदिर में 80 फीट ऊंचाई पर इन दिनों जीरो वाइब्रेशन के साथ ड्रिल (डायमंड ड्रिल) की जा रही है। ड्रिल करके 8.5 मी. लंबा और 160 एमएम चौड़ा पत्थर और अंदर भरी रेत का सैंपल निकालकर सैंपल आईआईटी मद्रास भेज दिया गया है।

भैजे गए सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद गर्भगृह से वैज्ञानिक तरीके से रेत निकाली जाएगी और फिर मंदिर को रीस्ट्रक्र किया जाएगा। रेत निकालने के बाद जब गर्भगृह खाली हो जाएगा, तो दोबारा से ढांचे को पहले जैसा बनाया जाएगा, जैसा निर्माण के समय था। इस मंदिर में हर साल 35 लाख से ज्यादा पर्यटक आते है। देश के अरक स्मारकों में ताजमहल के बाद यह मंदिर दूसरे स्थान पर है।

### ईमेल्स में ऐसे लेख फॉरवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था

# अपनी नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर ह्लट्रम्पेट प्लांट्सह्ल (धतुरा का पौधा) का जिक्र है।

ईमेल्स में ऐसे लेख फॉरवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था। बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी ह्लले जायाह्ल जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है।

हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतुरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे ह्लजॉम्बी ब्रीथह्ल भी कहते हैं।

इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतुरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं।

वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है।

### पहला ईमेल (3 मार्च 2014):

यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने ह्लएन रोड्रिगेजह्ल नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे।

### दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015):

बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस ह्लजॉम्बी फ्लावरह्ल का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फॉरवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- ह्लस्कोपोलामीनः कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है।

यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था। रिपोर्ट में स्कोपोलामीन को ऐसा पदार्थ बताया गया था, जिसके असर में व्यक्ति बेहद आज्ञाकारी हो सकता है।

लेख की कुछ पंक्तियों को खास तौर पर चिन्हित किया गया था। उनमें कहा गया था कि इस नशे के प्रभाव में व्यक्ति को कहीं भी ले जाया जा सकता है और वह छोटे बच्चे की तरह व्यवहार करने लगता है।

### तीसरा ईमेल (7 फरवरी 2022):

तीसरा दस्तावेज सीधे एपस्टीन के साथ बातचीत नहीं है। यह गिलेरमो फारिनास नाम के व्यक्ति द्वारा जुआन एंटोनियो गोंजालेज को भेजा गया एक ईमेल बताया गया है, जिसकी कॉपी जोसेफ मंजारो को भी भेजी गई थी। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ये लोग कौन हैं।

इसमें मंजारो ने दिसंबर 2014 की एक कथित घटना का जिक्र किया है। उनका दावा है कि उन्हें स्कोपोलामीन नाम के नशीले पदार्थ के जरिए बेहोश किया गया। यह पदार्थ कुछ खास पौधों से बनता है, जिनमें ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा भी शामिल है।

बयान में साफ तौर पर स्कोपोलामीन का नाम लिया गया है। मंजारो का आरोप है कि उन्हें ले जा रहे दो लोगों में से एक ने कहा था, ह्लमैंने उसे काफी मात्रा में स्कोपोलामीन दे दिया है ह्ल इसके बाद उसने याददाश्त खोने और बेहद ज्यादा नींद आने जैसी हालत का दावा किया है।

### हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है धतूरे का फूल

हिंदू परंपरा में बिगुल जैसे आकार वाला धतूरा फूल पवित्र माना जाता है। यह भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को भगवान शिव ने पिया था, जिससे सृष्टि की रक्षा हुई। धतूरा उसी विष से जुड़ा प्रतीक माना जाता है। भारत में कई मंदिरों में, खासकर महाशिवरात्रि के समय, धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। हालांकि यह पौधा जहरीला होता है, फिर भी इसे आध्यात्मिक शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है।

## तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बनेः मंत्रिमंडल में 1 हिंदू-1 बौद्ध समेत 49 मंत्री



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में BNP अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं।

इससे पहले दोपहर में सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी और एक बौद्ध मंत्री दिपेन देवान चकमा भी शामिल है। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद रहे। वहीं पीएम मोदी ने तारिक रहमान को भारत आने का न्योता दिया। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया।

## अपस्टेट न्यूयॉर्क में चर्च में धमाका, फायरफाइटर समेत 5 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अपस्टेट न्यूयॉर्क के एक चर्च में एक जोरदार धमाका हुआ जिसमें एक फायरफाइटर समेत पांच लोग घायल हो गए। बिल्डिंग में गैस की गंध की रिपोर्ट मिली थी जिसके बाद अग्निशमन विभाग यहां आया था।

न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस धमाके के कारण की जांच कर रही थी, जो सिरैक्यूज से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में एक ग्रामीण इलाके में एबंडेंट लाइफ फेलोशिप चर्च में सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। पांच लोगों को इलाज के लिए लोकल हॉस्पिटल ले जाया गया। दो की हालत गंभीर बताई गई, जिसमें एक फायरफाइटर भी शामिल है जो मौके पर पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि बाकी तीन लोगों की चोटों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि धमाके से जुड़ी कोई क्रिमिनल एक्टिविटी का शुरूआती संकेत नहीं मिला, जिससे हवा में काले धुएं का घना गुबार फैल गया और चर्च को बहुत नुकसान हुआ। स्टेट ट्रूपर्स के अनुसार, चर्च को प्रोपेन सिलेंडर से गर्म किया जाता था।

# ट्रम्प बोले- ईरान के साथ बातचीत में इनडायरेक्टली शामिल रहूंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही।

यह बयान ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर दूसरे दौर की बातचीत से पहले आया है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत आज (17 फरवरी 2026) जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में हो रही है। इससे पहले ओमान में 6 फरवरी को पहली बैठक हुई थी। ट्रम्प ने कहा, ह्लमैं उन बातचीत पर नजर रहूंगा।ह्ल उन्होंने संकेत दिया कि ईरान इस बार समझौते को लेकर गंभीर है। डील की संभावना पर ट्रम्प ने कहा कि ईरान इसे लेकर सख्त रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले साल अमेरिका की ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी से उसे अक्ल आई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ह्लमुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम भुगतना चाहेंगे।

### ईरान-अमेरिका के बीच किन मुद्दों पर बातचीत होगी

अमेरिका और ईरान के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का सबसे बड़ा और मुख्य विवाद ईरान का यूरेनियम संवर्धन है।

ट्रम्प प्रशासन की मांग है कि ईरान अपनी जमीन पर यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे या बहुत सीमित स्तर तक ही रखे, क्योंकि वे इसे परमाणु हथियार बनाने का रास्ता मानते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा ईरान का संवर्धित यूरेनियम का स्टॉकपाइल है। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद उच्च संवर्धित यूरेनियम (लगभग 2000 किलोग्राम, 3.67% से 60% तक) को पतला करे, नष्ट करे या बाहर भेज दे। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर विचार कर सकता है।

तीसरा मुद्दा प्रतिबंधों का हटना है। ईरान की मुख्य मांग है कि अमेरिका अपने लगाए आर्थिक प्रतिबंध हटाए, खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और वैश्विक वित्तीय पहुंच पर।

### ईरान ने ऑपरेशनल क्षमताओं की जांच के लिए नौसैनिक अभ्यास शुरू किया

एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, ईरान ने सोमवार को कुछ ही हफ्तों में दूसरी बार नौसैनिक अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज, पर्शियन गल्फ और गल्फ ऑफ ओमान में हो रहा है। इसका मकसद खुफिया और ऑपरेशनल क्षमताओं की जांच करना है। समुद्री सुरक्षा कंपनी ईओएस रिस्क ग्रुप ने कहा कि इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों को रेडियो पर चेतावनी दी गई कि स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज के उत्तरी मार्ग में मंगलवार को लाइव-फायर ड्रिल हो सकती है। हालांकि ईरानी सरकारी टीवी ने लाइव-फायर अभ्यास का जिक्र नहीं किया। जनवरी के अंत में हुए इसी तरह के अभ्यास के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कड़ा बयान जारी किया था। उसने कहा था कि ईरान को अंतरराष्ट्रीय हवाई और समुद्री क्षेत्र में पेशेवर तरीके से काम करने का अधिकार है, लेकिन वह अमेरिकी वॉरशिप या ट्रेड जहाजों को परेशान न करें।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)

No./1581/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 17.02.2026

**NOTICE INVITING TENDER No. 371/MTN/2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable ;- SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table- 1, Name of Work : Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 5 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashoknagar | 2 | 9300896.00 |
| 2 | Agar Malwa | 1 | 10094430.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 14170602.00 |
| 4 | Bhind | 1 | 2426865.00 |
| 5 | Dewas | 1 | 12112370.00 |
| 6 | Guna | 2 | 8461393.00 |
| 7 | Mandsaur | 1 | 12025757.00 |
| 8 | Rewa | 1 | 8593507.00 |
| 9 | Satna | 1 | 28143821.00 |
| 10 | Seoni | 1 | 1732636.00 |
| 11 | Singrauli | 1 | 10354695.00 |
| 12 | Ujjain | 2 | 2770577.00 |
| 9 | Sagar | 1 | 13882844.00 |
| 10 | Sehore | 1 | 5339738.00 |
| 11 | Seoni | 1 | 16623220.00 |
| 12 | Shivpuri | 3 | 21838249.00 |
| 13 | Vidisha | 1 | 12459016.00 |

- **Table- 2, Name of Work : Repair/ Maintenance of The Rural Roads For Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 10 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Alirajpur | 1 | 4035675.00 |
| 2 | Balaghat | 1 | 13744363.00 |
| 3 | Bhind | 1 | 3918081.00 |
| 4 | Chhindwara | 1 | 23334562.00 |
| 5 | Datia | 1 | 13958697.00 |
| 6 | Guna | 1 | 23601211.00 |
| 7 | Narmadapuram | 2 | 8055816.00 |
| 8 | Raisen | 3 | 12913814.00 |

- **Table- 3, Name Of Work : Repair/ Maintenance Of The Rural Roads For Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 15 Year).**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 2 | 50235373.00 |
| 2 | Bhind | 1 | 7917193.00 |
| 3 | Dindori | 2 | 41788122.00 |
| 4 | Gwalior | 2 | 6630239.00 |
| 5 | Harda | 1 | 15123462.00 |
| 6 | Katni | 1 | 31893088.00 |
| 7 | Narmadapuram | 1 | 4744330.00 |
| 8 | Raisen | 1 | 5871137.00 |
| 9 | Sagar | 3 | 26768677.00 |
| 10 | Shajapur | 1 | 14650139.00 |
| 11 | Singrauli | 1 | 2177372.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **23.02.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **16.03.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.


**CHIEF GENERAL MANAGER**
**(ADMIN./TENDER)**

M.P. Madhyam/124515/2026

"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्ष | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ज्ञा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| दा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | ग्म | सी | वें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | व | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



**टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 स्टेज की 7 टीमें तय हो चुकी हैं। आखिरी टीम का फैसला बुधवार को पाकिस्तान-नामीबिया मैच से होगा। अगर पाकिस्तान जीता तो टीम सुपर-8 के ग्रुप-2 में पहुंचेगा। अगर नामीबिया जीत गया तो अमेरिका ग्रुप-2 में पहुंच जाएगा। टीम इंडिया ग्रुप-1 में रहेगी। जहां उसका सामना साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से होगा। ग्रुप-1 में पहले ऑस्ट्रेलिया के आने की उम्मीद थी, लेकिन टीम लीग स्टेज से ही बाहर हो गई है। उसकी जगह ग्रुप-बी में से जिम्बाब्वे ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में क्वालीफाई किया है। 7 फरवरी से शुरू हुए टूनामेंट में 20 फरवरी तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले खेले जाएंगे। 21 फरवरी से सुपर-8 स्टेज शुरू होगा। पहले दिन न्यूजीलैंड के सामने पाकिस्तान या अमेरिका का मुकाबला खेला जाएगा। ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड के अलावा इंग्लैंड और श्रीलंका ने भी क्वालिफाई कर लिया**

# भारत सुपर-8 में साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, ऑस्ट्रेलिया बाहर हुआ

## जिम्बाब्वे से भी मुकाबला

### भारत का पहला मैच साउथ अफ्रीका से

सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा। टीम इंडिया 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से पहला मैच खेलेगी। टीम फिर 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे से भिड़ेगी। भारत का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज से होगा।

### सुपर-8 में 12 मैच होंगे

सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी। 4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

### भारत ने लगातार 3 मैच जीते

टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज में लगातार 3 मैच जीते। टीम ने पहले मुकाबले में अमेरिका को 29 रन से हराया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिफ्टी लगाई। भारत ने दूसरे मैच में नामीबिया को 93 रन से हराया, यहां हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी लगाने के साथ 2 विकेट लिए। टीम ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। यहां प्लेयर ऑफ द मैच ईशान किशन ने 77 रन की पारी खेली।




टी-20 वर्ल्ड कप 2026

**सुपर-8 स्टेज**

| ग्रुप-1 | ग्रुप-2 |
|---|---|
| भारत | इंग्लैंड |
| सा.अफ्रीका | श्रीलंका |
| वेस्टइंडीज | न्यूजीलैंड |
| जिम्बाब्वे | पाकिस्तान/ अमेरिका |

*8वीं टीम का फैसला 18 फरवरी को पाकिस्तान-नामीबिया मैच से होगा।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026

**सुपर-8 स्टेज में भारत के मैच**

| खिलाफ | कब | कहां |
|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता |

*सभी मुकाबले शाम 7 बजे से शुरू होंगे।

**ग्रुप-बी पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | पॉइंट्स | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SL (Q) | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.462 |
| ZIM (Q) | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 1.984 |
| IRE (E) | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | 0.15 |
| AUS (E) | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.414 |
| OMAN (E) | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -4.546 |

टी-20 वर्ल्ड कप 2026

**सुपर-8 स्टेज का पूरा शेड्यूल**

| मैच | कब | कहां | समय |
|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड vs टीम 8 | 21 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs इंग्लैंड | 22 फरवरी | पल्लेकेले | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs सा. अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज vs जिम्बाब्वे | 23 फरवरी | वानखेड़े (मुंबई) | शाम 7 बजे |
| इंग्लैंड vs टीम 8 | 24 फरवरी | पल्लेकेले | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs न्यूजीलैंड | 25 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| सा. अफ्रीका vs वेस्टइंडीज | 26 फरवरी | अहमदाबाद | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई | शाम 7 बजे |
| इंग्लैंड vs न्यूजीलैंड | 27 फरवरी | कोलंबो | शाम 7 बजे |
| श्रीलंका vs टीम 8 | 28 फरवरी | पल्लेकेले | शाम 7 बजे |
| सा. अफ्रीका vs जिम्बाब्वे | 01 मार्च | दिल्ली | दोपहर 3 बजे |
| भारत vs वेस्टइंडीज | 01 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |

*टीम-8 का फैसला 18 फरवरी को होगा।

## ग्रुप स्टेज में 10 टीमें बाहर



टूनामेंट में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया था। ग्रुप-ए से टीम इंडिया ने क्वालिफाई कर लिया, वहीं नामीबिया 3 मैच हारकर बाहर हो गई। पाकिस्तान, अमेरिका और नीदरलैंड में आखिरी टीम का फैसला होगा। ग्रुप-बी में श्रीलंका और जिम्बाब्वे ने क्वालिफाई किया। ग्रुप-सी से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज अगले राउंड में पहुंचीं। वहीं ग्रुप-डी से न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में एंट्री की। ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, इटली, नेपाल, अफगानिस्तान, वअए और कनाडा ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गईं।

### ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर-8 में



2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है।

एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूनार्मेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 18 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

यत्साङ्ख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्यौगैरपि गम्यते।
एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥

**भावार्थ** : ज्ञान योगियों द्वारा जो परमधाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियों द्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है। इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को फलरूप में एक देखता है, वही यथार्थ देखता है।

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः सा उच्यते॥

**भावार्थ** : जो मान और अपमान में सम है, मित्र और वैरी के पक्ष में भी सम है एवं सम्पूर्ण आरम्भों में कर्तापन के अभिमान से रहित है, वह पुरुष गुणातीत कहा जाता है।

## सम्पादकीयम्

### एजेन्सीनां भूमिकाविषये प्रश्नाः उत्थापिताः

सर्वोच्चन्यायालयस्य सुनवायी ईडी तथा इत्येतयोः द्वयोः अपि गोदीयां स्थापयति राजनैतिकपरामर्शदातृसंस्थायाः क ढअउ इत्यस्य उपरि छापेमारीयाः प्रकरणं सर्वोच्चन्यायालये अस्ति, यत्र ईडी इत्यनेन बङ्गालपुलिसस्य अन्वेषणे हस्तक्षेपस्य आरोपः कृतः। इदानीं ममता बनर्जी दावान् करोति यत् ईडी तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य आँकडानां विषये अवगतः आसीत्। न्यायालयेन उभयपक्षेभ्यः प्रतिक्रियाः याचिताः, एजेन्सीनां भूमिकाविषये प्रश्नाः उत्थापिताः। यदा राजनैतिकपरामर्शदातृसंस्थायाः इत्यस्य उपरि आक्रमणस्य प्रकरणं सर्वोच्चन्यायालये अद्यापि प्रचलति तदा न्यायालयस्य कार्यवाही अद्यावधि बहुधा वदति। एतेन अवश्यमेव ज्ञायते यत् द्वयोः पक्षयोः पूर्णतया निर्दोषीकरणं कठिनम् अस्ति। गम्भीर आरोप। अस्मिन् प्रकरणे सर्वोच्चन्यायालयेन बङ्गालपुलिसस्य ईडीविरुद्धस्य प्रकरणस्य अन्वेषणं कर्तुं निषेधः कृतः, सप्ताहद्वये राज्यसर्वकारात् प्रतिक्रियां याचितम्। ईडी मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी राज्यपुलिसयोः विरुद्धं गम्भीरान् आरोपं कृतवान् अस्ति, यत्र अन्वेषणे हस्तक्षेपः, प्रमाणस्य चोरी च अस्ति। ममता बनर्जी तु आरोपयति यत् आई-पैक इत्यस्य समीपे तृणमूलकाङ्ग्रेस-दत्तांशः आसीत्, ईडी-संस्थायाः एतस्य विषये अवगतम् आसीत् इति। संवैधानिक प्रतिबद्धता। न्यायालयेन अग्रिमविचाराय फेब्रुवरीमासस्य ३ दिनाङ्कः निर्धारितः अस्ति। स्पष्टतया आरोपानाम् सत्यतां निर्धारयितुं न्यायालयस्य निर्णयं प्रतीक्षितव्यं भविष्यति, परन्तु एतावता अयं प्रकरणः यथा प्रकटितः तत् कानूनप्रवर्तनसंस्थानां भूमिकायाः।

#### जबलपुरमण्डले सर्वकारीयधानक्रयणव्यवस्थायां एकः बृहत् घोटालः उद्घाटितः

# नकलीकृषकाणां नामनि पञ्जीकरणद्वारा प्रायः 97 लक्षरूप्यकाणां गबनं कृतम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरमण्डले सर्वकारीयधानक्रयणव्यवस्थायां एकः बृहत् घोटालः उद्घाटितः अस्ति। नकलीकृषकाणां नामनि पञ्जीकरणद्वारा प्रायः 97 लक्षरूप्यकाणां गबनं कृतम् अस्ति। अस्मिन् सम्पूर्णे घटनायां सेवा सहकारी समिति मर्यादितलखनपुरस्य भूमिका संदिग्धरूपेण ज्ञाता अस्ति। शिकायतया अनन्तरं पुलिसैः समितिप्रबन्धकस्य सङ्गणकसञ्चालकस्य च विरुद्धं धोखाधड़ीसहितानाम् अनेकानाम् गम्भीराणां खण्डानां अन्तर्गतं प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम् अस्ति अस्मिन् घोटाले सर्वकारीयक्रयणव्यवस्थायाः, ई-क्रयणद्वारस्य च पारदर्शितायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति।

सूचनानुसारं खरीफविपणनवर्ष २०२५-२६ मध्ये धानक्रयणार्थं कृषकाणां पञ्जीकरणस्य दायित्वं सेवासहकारी समितिं मर्यादितलखनपुरं प्रति न्यस्तं कृतम्। २०२५ तमस्य वर्षस्य सितम्ब-मासस्य १५ दिनाङ्कात् २०२५ तमस्य वर्षस्य अक्टोब-मासस्य १० दिनाङ्कपर्यन्तं ई-क्रयण-पोर्टल्-माध्यमेन पञ्जीकरण-प्रक्रिया सम्पन्ना अभवत्। अस्मिन् काले समितिद्वारा कुलम् २,७६३ कृषकाणां पञ्जीकरणं कृतम् परन्तु अन्वेषणेन ज्ञातं यत् २४ कृषकाः रात्रौ १० वादनस्य मध्ये धोखाधड़ीपूर्वकं पञ्जीकरणं कृतवन्तः। तथा अन्तिमदिने प्रातः १२ वादने, अस्य सम्पूर्णस्य घोटाले मुख्याधारः अभवत्। प्रारम्भिक अन्वेषणेन ज्ञातं यत् ये २४ कृषकाः पञ्जीकृताः आसन् तेषां कस्यापि कृषिभूमिः नासीत्। तदपि ८८.०५ हेक्टे भूमिः ई-उपर्जन-द्वारे तेषां नाम्ना पञ्जीकृता आसीत्। नियमानुसारं मझौलीतहसीलक्षेत्रे प्रतिहेक्टे धानस्य औसतं उत्पादनं ४६.७ क्विण्टलम् अस्ति। अस्य आधारेण कुलम् ४,१११.९३ क्विण्टलं धानं धोखाधड़ीपूर्णपञ्जीकरणद्वारा क्रीतम् इति दर्शितम्, यत् समर्थनमूल्ये कुलम् ९७,४१,१६२ इत्येव भवति एषा समग्रराशिः सर्वकारस्य हानिः इति अभिप्रायेन गबनम् अभवत् इति शङ्का वर्तते। शिकायत मझौली के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार जाटव ने दी। शिकायतया आरोपः अस्ति यत् समितिप्रबन्धकः कम्प्यूटरसञ्चालकः च साझेदारी कृत्वा ई-उपर्जन-पोर्टले नकली-कृषकाणां पञ्जीकरणं कृतवन्तः, वित्तीय-अनियमिततां कर्तुं सर्वकारीय-धान-क्रयण-प्रक्रियायाः दुरुपयोगं च कृतवन्तः। शिकायतया आधारेण सिहोरापुलिस स्टेशनेन समितिप्रबन्धकः अखिलेशकुमारपटेलः कम्प्यूटरसञ्चालकः।

#### अग्निप्रकोपस्य घटनायाः

# तङ्खुल् नागा समुदायस्य महिलाः अतीव क्रुद्धाः अभवन्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अग्निप्रकोपस्य घटनायाः अनन्तरं तङ्खुल् नागासमुदायस्य महिलाः अतीव क्रुद्धाः अभवन्। बहुसंख्याकाः महिलाः लिटान्-पुलिस-स्थानकं प्राप्य सुरक्षाबलानाम् विरुद्धं नारान् उत्थापितवन्तः, प्रशासनं, पुलिस च हिंसां निवारयितुं सर्वथा असफलाः इति आरोपं कृतवन्तः विरोधं कुर्वन्तः महिलाः पुलिस-स्थानकं प्रविष्टुं प्रयतन्ते स्म, तदनन्तरं पुलिस-अश्रु-वायु-प्रहारं कृत्वा स्थितिं नियन्त्रणे आनयितुं प्रयत्नम् अकरोत्। क्रमेण जनसमूहः विकीर्णः अभवत्।

अपरपक्षे राजनैतिकविकासानां मध्ये मणिपुरे तनावाः अधिकाः एव सन्ति। गुरुवासरे वैफाई जनजातेः महिलाः कुकी-जो समुदायस्य विधायकः एल.एम.खौते इत्यस्य विरुद्धं विरोधं कृतवन्तः। खौतेः अद्यैव मणिपुरस्य मुख्यमन्त्री युम्नमखेमचन्दसिंहेन सह इम्फालनगरं गत्वा सर्वकारस्य निर्माणस्य दावा- दावं कृतवान्। खौते वैफाई समुदायस्य अन्तर्गतः अस्ति, यः मणिपुरस्य कुकी-जो जनजातेः भागः इति मन्यते। वैफाई महिलासंघस्य नेतृत्वे बहुसंख्याकाः महिलाः अस्य विरोधे भागं गृहीतवन्तः। आन्दोलनकारिणः प्रातःकाले चुराचन्दपुरस्य डोर्कसवेङ्गस्य वैफाई जनपरिषद्भवने एकत्रिताः भूत्वा विधायकस्य निवासस्थानं प्रति गतवन्तः। विरोधस्य समये महिलाः विधायकस्य निर्णये समुदायस्य हितस्य विरुद्धम् इति उक्त्वा अप्रसन्नतां प्रकटितवन्तः। यदा आन्दोलनकारिणः विधायकस्य निवासस्थानं प्रति गच्छन्ति स्म तदा कुकी-जोमी-समुदायस्य विभिन्नानां उपजनजातीनां प्रतिनिधित्वं कुर्वतः जोमी-मातृसङ्घस्य सदस्याः तान् निवारयितुं प्रयतन्ते स्म।

# पर्यावरणविशेषज्ञाः अस्य विषयस्य अत्यन्तं गम्भीरं वर्णनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

क्षेत्रेभ्यः पर्यावरणस्य गम्भीरं खतरा भवति इति ग्रामजनाः वदन्ति। कृषकाः आरोपयन्ति यत् नदीतटस्य क्षरणं वर्धमानं वर्तते, तेषां कृषिभूमिः च क्रमेण क्षरणं प्राप्नोति। यदि एतादृशे गतिना खननं निरन्तरं भवति तर्हि क्षेत्रे जलस्य अभावः, भूस्खलनं च इत्यादीनि समस्याः उत्पद्यन्ते इति अपि बहवः ग्रामिणः चिन्ताम् प्रकटयन्ति। तदतिरिक्तं नदीपार्श्वे सेतुनां ग्राम्यमागार्णां च सुरक्षा अपि गम्भीरं खतरे वर्तते। पर्यावरणविशेषज्ञाः अस्य विषयस्य अत्यन्तं गम्भीरं वर्णनं कृतवन्तः यत् नदीयां एतादृशं अवैधखननं जैवविविधतायाः अपि महत्त्वपूर्णं क्षतिं जनयति इति नदीन्तर्गतं जलजीवानां प्राकृतिकं निवासस्थानं नष्टं भवति, जलप्रवाहस्य सन्तुलनं च बाधितं भवति। विशेषज्ञाः वदन्ति यत् एतादृशाः कार्याणि दीर्घकालं यावत् सम्पूर्णस्य प्रदेशस्य पारिस्थितिकीतन्त्रे प्रभावं कर्तुं शक्नुवन्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज आपको एक नई ऊर्जा महसूस होगी। हल्की एक्सरसाइज या कार्डियो करना फायदेमंद रहेगा।

**वृषभ** : परिवार के साथ मिलना-जुलना या कुछ रचनात्मक करने से मन प्रसन्न रहेगा। संतुलित खाना खाएं और पानी ज्यादा पिएं।

**मिथुन** : आज आपके लिए दिन सही रहेगा। हालांकि पैसों के मामले में सतर्क रहें। अपने बजट पर दोबारा ध्यान दें।

**कर्क** : आज अच्छा खाना खाएं और पानी पिएं। इससे एनर्जी बनी रहेगी। पैसों की योजना सुधारें।

**सिंह** : आज थकान ज्यादा महसूस हो सकती है। अगर थकान लगे तो योग या मेडिटेशन करें। खर्चों पर नजर रखें।

**कन्या** : परिवार को समझने की जरुरत है, उनसे आराम से बात करें। प्रकृति के बीच समय बिताना सुकून देगा।

**तुला** : आज सेहत का ध्यान रखें। तनवा बढ़ सकता है। आउटडोर गतिविधियां सेहत के लिए अच्छी रहेंगी।

**वृश्चिक** : कोई भी अधूरा कार्य हो उसे पूरा करेंगे। परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं और अपनी बातें खुलकर साझा करें।

**धनु** : आज सेहत का ध्यान रखें। अच्छी सेहत के लिए वॉक या एक्सरसाइज करें। नए निवेश के मौके मिल सकते हैं।

**मकर** : काम में समझदारी से फैसले लें। जल्दबादी में लिया फैसला सही नहीं होता है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएं।

**कुंभ** : आज हल्की एक्सरसाइज करें। पैसों के मामले में योजनाओं को दोबारा देखें। ऑफिस में मिलकर काम करें।

**मीन** : आज योग या वॉक करना सेहत के लिए अच्छा रहेगा। खर्चों पर ध्यान दें। काम में साझेदारी से फायदा होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# 23 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच फैली आशंकाओं पर विशेषज्ञों की बड़ी स्पष्टता, डराने वाला नहीं समझने वाला योग

देश के विभिन्न हिस्सों तक 23 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच बनने वाली कथित ग्रह स्थितियों, पंचग्रही योग, अंगारक दोष और सूर्य-चंद्र ग्रहण को लेकर सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा देखी जा रही है। कई संदेशों और पोस्ट में इसे विस्फोटक योग बताया जा रहा है, वहीं ज्योतिषीय प्रभावों को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। हालांकि खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में यदि सूर्य ग्रहण या चंद्र ग्रहण जैसी घटनाएँ होती हैं तो वे पूर्णतः प्राकृतिक और नियमित खगोलीय घटनाएँ हैं, जिनका किसी विशेष राशि या व्यक्ति पर स्वतः नकारात्मक प्रभाव पड़ना वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित नहीं है।

भारतीय खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण तब होता है जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में आ जाते हैं। सूर्य ग्रहण अमावस्या के समय और चंद्र ग्रहण पूर्णिमा के समय घटित होता है। यह प्रक्रिया हजारों वर्षों से चली आ रही है और भविष्य में भी जारी रहेगी। वैज्ञानिक समुदाय का कहना है कि ग्रहण का संबंध प्रकाश और छाया की स्थिति से है, न कि व्यक्तिगत भाग्य या किसी विशेष राशि के लिए संकट से। खगोलविदों के मुताबिक ग्रहण का समय, अवधि और दृश्यता पहले से गणना योग्य होती है और यह पूरी तरह पूवार्नुमेय खगोलीय गणित पर आधारित होती है। सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों में यह भी दावा किया जा रहा है कि 23 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच बनने वाले ग्रह योग विशेष रूप से कुछ राशियों के लिए जोखिम भरे हो सकते हैं। इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि राशियों के आधार पर सामूहिक भय उत्पन्न करना उचित नहीं है। ज्योतिष एक परंपरागत मान्यता प्रणाली है, जिसकी अपनी व्याख्याएँ हैं, लेकिन आधुनिक विज्ञान के अनुसार ग्रहों की स्थिति से किसी व्यक्ति की दुर्घटना, बीमारी या आर्थिक हानि का प्रत्यक्ष और निश्चित संबंध स्थापित नहीं हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी से करोड़ों किलोमीटर दूर स्थित ग्रहों की गुरुत्वाकर्षण शक्ति मानव जीवन पर उस प्रकार का प्रभाव नहीं डालती, जैसा कि भय पैदा करने वाले संदेशों में प्रस्तुत किया जाता है।

विज्ञान संचारकों का मानना है कि ग्रहण के दौरान कुछ सावधानियां अवश्य अपनाई जानी चाहिए, जैसे कि सूर्य ग्रहण को सीधे नंगी आँखों से न देखना, प्रमाणित सोलर फिल्टर का उपयोग करना और बच्चों को सुरक्षित तरीके से अवलोकन कराना। लेकिन यह सावधानी स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए है, न कि किसी दैविक संकट से बचने के लिए। इसी प्रकार चंद्र ग्रहण को देखने में कोई शारीरिक खतरा नहीं होता और इसे सामान्य रूप से देखा जा सकता है।

मनोवैज्ञानिकों ने भी इस तरह के संदेशों पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि जब किसी अवधि को खतरनाक, विस्फोटक या डबल एक्टिवेशन जैसे शब्दों से जोड़ा जाता है तो लोगों में अनावश्यक तनाव और चिंता पैदा हो सकती है। कई लोग महत्वपूर्ण निर्णय टाल देते हैं, यात्राएँ रद्द कर देते हैं या आर्थिक गतिविधियाँ रोक देते हैं, जबकि उनके पास ऐसा करने का कोई ठोस कारण नहीं होता। विशेषज्ञों का सुझाव है कि किसी भी निर्णय को तार्किक विश्लेषण, व्यक्तिगत परिस्थिति और उपलब्ध जानकारी के आधार पर लेना चाहिए।

ज्योतिष के जानकारों का एक वर्ग भी यह मानता है कि ग्रहयोग को समझने का अर्थ डर पैदा करना नहीं है। उनके अनुसार यदि कोई व्यक्ति इस अवधि को आत्मचिंतन, अनुशासन और संयम का समय मानता है तो यह सकारात्मक दृष्टिकोण हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण, अनावश्यक विवाद से बचना, स्वास्थ्य पर ध्यान देना और वित्तीय निर्णय सोच-समझकर लेना – ये सुझाव किसी भी समय प्रासंगिक होते हैं और इन्हें किसी विशेष भय से जोड़ना आवश्यक नहीं है।

अंतरिक्ष विज्ञान के अध्येताओं का कहना है कि भारत जैसे देश में, जहाँ अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन नियमित रूप से उपग्रह प्रक्षेपण और ग्रहों के अध्ययन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, वहाँ खगोलीय घटनाओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने की आवश्यकता और भी अधिक है। ग्रहण जैसी घटनाएँ बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान को समझने का अवसर भी हो सकती हैं। कई शैक्षणिक संस्थान इन अवसरों पर विशेष अवलोकन कार्यक्रम आयोजित करते हैं, ताकि छात्र प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से खगोल विज्ञान को समझ सकें।

आर्थिक विशेषज्ञों का भी मानना है कि निवेश, व्यापार या यात्रा जैसे निर्णयों को केवल ग्रह योग से जोड़ना व्यावहारिक नहीं है। बाजार की स्थिति, व्यक्तिगत वित्तीय योजना, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे कारक कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। यदि कोई व्यक्ति सिर्फ भय के कारण योजनाएं टाल देता है तो वह संभावित अवसरों से वंचित भी हो सकता है।

इस बीच प्रशासन और वैज्ञानिक संस्थानों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अप्रमाणित संदेशों पर तुरंत विश्वास न करें और विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त करें। इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें तेजी से फैलती हैं, लेकिन जागरूक नागरिकता का दायित्व है कि तथ्यों की जांच कर ही निष्कर्ष निकाले जाएँ। विशेषज्ञों की राय में 23 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच यदि ग्रहों की कुछ विशेष स्थितियाँ बनती हैं और सूर्य या चंद्र ग्रहण होते हैं, तो उन्हें प्रकृति की सामान्य प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। यह अवधि डरने की नहीं, बल्कि समझने और सीखने की है। खगोलीय घटनाएँ मानव जिज्ञासा को बढ़ाती हैं, विज्ञान को आगे ले जाती हैं और हमें ब्रह्मांड की विशालता का एहसास कराती हैं। व्यक्तिगत जीवन में संतुलन, सावधानी और सकारात्मक सोच ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।इस प्रकार विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि यह समय डराने वाला नहीं, समझने वाला योग है। विवेकपूर्ण दृष्टिकोण, वैज्ञानिक समझ और संतुलित निर्णय ही नागरिकों के लिए सबसे उपयुक्त मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### चलती ट्रेन में बैंक मैनेजर की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत

**उज्जैन।** भोपाल के अवधपुरी में रहने वाले धीरज पिता अरूण पाटिल 54 साल बैंक ऑफ बडौदा बासवाड़ा ब्रांच में मैनेजर थे। सोमवार शाम को भोपाल से रतलाम के लिये जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस में सवार होकर निकले थे। मंगलवार को उन्हे ड्युटी ज्वाइन करना थी। लेकिन सफर के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। वह ट्रेन में ही अचेत हो गये थे। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर यात्रियों की सूचना पर रात में जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची और धीरज पाटिल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया और हार्ट अटैक की आशंका जताई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा और उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। देवास से रिश्तेदार उज्जैन पहुंच गये थे। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। रिश्तेदार मयंक परमार ने बताया कि भोपाल से रतलाम पहुंचने के बाद धीरज पाटिल को बस से बासवाडा के हेजमल शाखा पहुंचना था।

### मौसी के लड़के ने मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम धाराखेड़ा में बीती रात विरेन्द्र पिता गोविंद मोबिया 18 साल के साथ उसकी मौसी के लड़के राजेश ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। विरेन्द्र ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि राजेश गाली-गलौच करते हुए कहा कि तेरी नानी ने मेरे मामा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क्यों कराई है। उसे गाली देने से मना किया और नानी से बात करने को कहा तो उसने डंडे से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर मारपीट करने वाले की तलाश की जा रही है।

### गांधीनगर में बदमाश ने किया बाइक चोरी का प्रयास

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गांधीनगर में अब्दुल कलाम गेट के पास सोमवार-मंगलवार रात बदमाश द्वारा बाइक चोरी का प्रयास किया गया। बदमाश ने पहले बाइक पर डला कवर हटाया और लॉक तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। बदमाश बाइक का कवर लेकर चला गया। सुबह बाइक मालिक को कवर दिखाई नहीं दिया तो उसने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें बाइक चोरी का प्रयास होना सामने आया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

### संदिग्ध हालत में 20 साल की युवती की हुई मौत



**उज्जैन।** महिदपुररोड के ग्राम श्रवणखेड़ा में रहने वाली 20 वर्षीय युवती राधा पिता अनोखीलाल प्रजापत को सोमवार शाम परिजन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। परिजनों ने बताया कि पेट दर्द होने पर उसने गोली खाई थी, जिसके बाद तबीयत बिगड़ी है। युवती को उपचार के लिये भर्ती किया गया, लेकिन मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। आशंका जताई गई उसने जहरीला पदार्थ खाया था। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला संदिग्ध होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह सामने आ पायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 680-3 | 380-1 |
| मेन बाजार | 378-8 | 249-5 |
| मिलन डे | 380-1 | 469-9 |
| मिलन नाइट | 248-4 | 258-5 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 8 | 9 |

### केशव नगर में दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी-पत्थर

# कोचिंग संचालक घायल, 4 थानों को बल तैनात







**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नीलगंगा थाना क्षेत्र के केशव नगर में मंगलवार दोपहर कोचिंग संचालक और क्षेत्र में रहने वाले वर्ग विशेष के युवको के बीच विवाद हो गया। जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने मामला शांत किया। शाम को एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई। चार थानों का बल क्षेत्र में तैनात करना पड़ा।

केशव नगर में रहने वाले अजय जागरी कोचिंग क्लास संचालित करते हैं। दोपहर में घर के बाहर खड़े थे उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाले इमरान और आरिफ ऑटो लेकर गुजरे। रास्ते से निकलने की बात पर उनके बीच विवाद हो गया। कुछ देर बाद इमरान और आरिफ के परिजन भी मौके पर आ गए और जमकर लाठी डंडे चल पड़े। कोचिंग संचालक अजय घायल हो गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्ष थाने पर एकत्रित हो गए। जहां एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप किया जाने लगा। कोचिंग संचालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनकी पत्नी पूनम ने आरोप लगाया कि आरिफ और इमरान द्वारा खुद को दादा बताते हुए कोचिंग क्लास संचालित करने के एवज में हफ्ता मांगा जा रहा था। पुलिस ने मामले में दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। मामले में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया। लेकिन शाम 5 के लगभग केशव नगर में स्थित फिर से तनावपूर्ण हो गई। वर्ग विशेष के कुछ युवक बाइक पर सवार होकर आए और पत्थर बाजी शुरू कर दी। एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। पत्थर बाजी की खबर लगते ही नीलगंगा थाना पुलिस, महाकाल थाना पुलिस, माधव नगर और देवास गेट पुलिस का बल केशव नगर पहुंच गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरु प्रसाद पाराशर और सीएसपी दीपिका शिंदे भी हालात और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए मौके पर पहुंच गए थे। सीएसपी शिंदे ने बताया कि स्थिति सामान्य है दोनों पक्ष से घायल हुए हैं जिनकी हालत भी स्थिर है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया गया है।

#### विवाद का सामने आया सीसीटीवी फुटेज

दोपहर में दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक दूसरे के साथ लाठी डंडों और थप्पड़ मुक्कों के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। विवाद में महिलाएं भी दिखाई दे रही है। विवादित स्थल के पास ही भागवत कथा का आयोजन चल रहा है विवाद के चलते कथा में पहुंचे लोगों के बीच भी हड़कंप मच गया था। पुलिस के अनुसार आधा दर्जन के लगभग युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

## पत्नी के प्रेम प्रसंग से प्रताडित होकर पति ने लगाई थी फांसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक के मामले में मंगलवार को पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। युवक ने पत्नी के अवैध प्रेम प्रसंग से प्रताडित होकर मौत को गले लगाया था।

बड़नगर थाना क्षेत्र की नागेश्वर धाम कालोनी में रहने वाले राजेश पिता भगवान राठौर 35 साल ने 6 फरवरी को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतक का शव भाई शिवनारायण की सूचना पर बरामद कर मर्ग कायम किया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बयान दर्ज किये गये। इस दौरान सामने आया कि मृतक राजेश की पत्नी सोनिया की वजह से उसने फांसी लगाई है। सोनिया ने उसे आत्महत्या के लिये उकसाया था। परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि सोनिया का अन्य व्यक्ति के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह लगातार मोबाइल पर उससे बात करती थी। राजेश ने पत्नी को बातचीत करते पकड़ लिया था। जिसके बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगे थे। राजेश मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुका था। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि जांच और तथ्यों के आधार पर पति को आत्महत्या के लिये उकसाने वाली पत्नी के खिलाफ धारा 108 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया और कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश जारी होने पर जेल भेजा गया है। मामले की जांच और परिजनों के बयान दर्ज करने में एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, एएसआई गोवर्धनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मार्य, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा का सहयोग रहा।

## उत्तरप्रदेश के 7 लोगों ने युवक से ठगे 40 लाख

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

**मेडिकल खोलने का दिया था झांसा, लखनऊ में होना बताई थी कंपनी**

उत्तरप्रदेश लखनऊ के 7 लोगों ने मिलकर युवक के साथ 40 लाख की धोखाधड़ी कर दी। सभी ने मेडिकल की फ्रेंचाइसी देने की बात कहीं थी और प्रतिमाह 2 लाख से अधिक का मुनाफा होने का झांसा दिया था। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि किर्ती नगर में रहने वाले लव पिता गणपतलाल बामनिया ने शिकायती आवेदन देकर बताया था कि नवम्बर 2024 में उसका संपर्क तस्कर ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड 1/73 फेस सेकेंड ट्रासपोर्ट नगर शिवानी पब्लिक स्कूल के पास लखनऊ से हुआ था। उक्त लिमिटेड कंपनी ने मेडिकल खोलने की फ्रेंचाइसी देना बताया था। संपर्क होने के बाद कंपनी से जुड़े सौरभ मिश्रा ने खुद को डायरेक्टर बताते हुए दवाईयों के साथ कुछ जांच उपकरण देने की बात कहीं। चर्चा होने के बाद कंपनी के विकास पाल, सूर्यकांत मिश्रा, प्रसून पाल और दिनेश, अंकित और उत्कर्ष कश्यप से भी संपर्क हुआ। सभी उज्जैन आये और मेडिकल खोलने की जगह के बारे में जानकारी ली। उसने किराये से मेडिकल की जगह लेना बताया। पहले उससे 472 लाख का चैक लिया गया। फिर अलग-अलग समय पर रुपए लेते रहे। करीब 40 लाख से अधिक लेने के बाद उन्होंने कुछ दवाईयां और जांच उपकरण भेजे। उसने किराये की जगह लेकर मेडिकल खोल लिया। बावजूद वह रूपयों की मांग करते रहे। उसने रुपए देने से मना किया तो सभी ने संपर्क करना बंद कर दिया। अब उनके मोबाइल भी बंद आ रहे है। लव बामनिया का कहना था कि उसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। शिकायत की जांच के बाद मामले में तस्कर ग्लोबल से जुड़े 7 से 8 लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत कर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।


**12 प्रतिशत कमीशन, 2 लाख माह मुनाफा-** लव ने बताया कि तस्कर ग्लोबल कंपनी से संपर्क होने के बाद कंपनी से जुड़े डायरेक्टर, सेल्समेन और अन्य लोगों ने दवाईयों पर 12 प्रतिशत कमीशन मिलने के साथ प्रतिमाह 2 लाख से अधिक का मुनाफा होने का झांसा दिया था। कंपनी द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके माध्यम से उनसे संपर्क किया था। लाखों रुपए देने और खर्च करने के बाद ना तो पर्याप्त दवाईयां भेजी गई, ना ही जांच के सभी उपकरण दिये गये।

**पांच लाख मांगे तो ठगी का हुआ आभास-** लव बामनिया ने बताया कि 2024 से 2025 तक उसने रुपए दिये। जब दवाईयां भेजने की बात कहीं गई तो उन्होंने अंकित सेन का नम्बर भेज 5 लाख रुपए ओर मांगे। उसके बाद ही सामान भेजने की बात कहने लगे। उसने अब तक दिये रुपए लौटाने की बात कहीं तो साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद उसे आभास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।

### मालगोदाम के पास अतिक्रमण गैंगकर्मी के साथ मारपीट

# पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, 2 मौके से भागे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



रेलवे स्टेशन के सामने अवैध अतिक्रमण हटाने मंगलवार को नगर निगम की गैंग पहुंची थी। जहां ठेला लगाने वाले ने विवाद किया और अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगकर्मी के साथ मारपीट की। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया। 2 मौके से भाग निकले थे। निगम गैंग कर्मी की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की अतिक्रमण गैंग में शामिल चंचल पंवार, आनंद भैरवे, नवीन मालवीय, राजेन्द्र और करण खत्री रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर अवैध ठेले-गुमटी वालों का अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। निगम की गैंग रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाते हुए माल गोदाम तक पहुंची। जहां चाय का ठेला लगा हुआ था। जिसे हटाने के लिये कहा तो ठेला लगाने वाले शिवम पांडे ने अपने 2 साथी राज यादव और आजाद के साथ मिलकर विवाद शुरू कर दिया। गैंग कर्मी चंचल पंवार उन्हे समझाने पहुंचा और मार्ग में बाधा उत्पन्न होने की बात कहीं तो तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। वह चाकू लेकर मारने दौड़े। तभी अन्य गैंग कर्मियों ने बीच-बचाव किया। मारपीट और विवाद की खबर देवासगेट थाना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची। राज यादव और आजाद मौके से भाग निकले। पुलिस ने शिवम पांडे निवासी अशोकनगर को हिरासत में ले लिया। मामले में गैंग कर्मी चंचल ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिवम को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

**स्थाई वारंटी गिरफ्त में आया-** देवासगेट थाना पुलिस ने मंगलवार को मारपीट के मामले में कोर्ट से स्थाई वारंट जारी होने पर फरार चल रहे आरोपी अमित उर्फ राका पिता नंदलाल ठाकुर निवासी नीलगंगा कब्रिस्तान को भी गिरफ्तार किया। अमित उर्फ राका लम्बे समय से फरार था। दोपहर में सूचना मिली थी कि वह चामुंडा माता चौराहा पर घूम रहा है। पुलिस ने उसे भी कोर्ट में पेश किया और जेल भेजा है।

**हंगामा करने वाले भी गिरफ्त में-** देवासगेट बस स्टेंड पर मंगलवार दोपहर को 2 युवक आपस में लेनदेन की बात पर विवाद कर रहे थे। उनका विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस को विवाद की खबर मिली तो तत्काल बस स्टेंड पहुंची और दोनों युवको को गिरफ्तार किया। युवक दीपक पिता इंदरसिंह परमार लोहिया मार्ग शाजापुर और संतोष पिता मांगीलाल परमार निवासी कनासिया नाका मक्सीरोड होना सामने आये। दोनों के खिलाफ शांतिभंग करने का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com